Keywords: Skill Development, Education, Employability, Skills.

SOUVENIR

MLDC26060

Growth of Life Insurance in India: An Analysis of Premium Trends, Penetration and Density

DR. YULENDRA KUMAR RAJPUT [1]
PRINCIPAL & RESEARCH GUIDE
AGRASEN MAHAVIDYALAYA, PURANI BASTI, RAIPUR

VIDHI CHHABRA [2]
RESEARCH SCHOLAR, AGRASEN MAHAVIDYALAYA, PURANI BASTI, RAIPUR

Abstract:
The insurance sector is a vital component of economic development as it promotes financial security and long-term savings. This study examines the growth and performance of the life insurance sector in India by analyzing trends in life insurance premiums, insurance penetration, and insurance density over the period. The study is based on secondary data collected from published reports and official statistics.

The analysis indicates a continuous rise in total life insurance premiums, reflecting the expanding size of the industry and increased consumer participation. Although the Life Insurance Corporation of India continues to hold a dominant position, the private sector has demonstrated faster growth, contributing to enhanced market competitiveness. Insurance penetration in India shows a fluctuating trend, with a noticeable increase during the pandemic period due to heightened risk awareness, followed by a marginal decline in recent years. In contrast, insurance density exhibits a consistent upward trend, suggesting an increase in per capita premium expenditure rather than widespread coverage.

The findings highlight that while the life insurance sector in India has grown significantly in value, overall insurance penetration remains modest. The study emphasizes the need for inclusive insurance strategies, improved financial literacy, and affordable products to expand coverage and strengthen the role of insurance in economic development.

Keywords: Life Insurance, Insurance Penetration, Insurance Density, Life Insurance Premium, Insurance Sector in India

SOUVENIR

MLDC26061

Deep Learning–Based Rice Disease Detection in Chhattisgarh for Sustainable Agriculture Development

NEHA TIKARIHA,
RESEARCH SCHOLAR (IT)
AMITY UNIVERSITY, RAIPUR (CG)

Abstract:
Chhattisgarh is widely recognized as one of India's major rice-producing regions. Rice serves as a primary source of income and food security for local farming communities in Chhattisgarh. However, rice crops are often affected by some health issues such as diseases, pest infestations and nutrient deficiencies, which reduces yield when not detected at an early stage. Traditional approaches for diagnosing crop problems based on visual observation by farmers, expert knowledge and laboratory analysis, which are time-consuming and costly.

However late detection of crop disease and excessive use of pesticides harms the crop and affect the productivity. Therefore, timely identification of crop diseases is critical for achieving long-term agricultural sustainability in the region.

This study proposes a deep learning–based method for early-stage crop health detection in rice crops using leaf images collected from rice fields in the Raipur district. The system analyzes images of rice leaves to identify early disease symptoms that are very difficult to observe with the nude eyes. techniques like image preprocessing and data augmentation are used to improve model performance under real field conditions, such as changes in lighting, background, and leaf orientation.

Early detection of rice health problems enables the farmers to take timely decision and actions, which reducing unwanted uses of pesticides and preventing the spread of infection. This Method helps the farmers to improve rice production, minimize input costs and reduces environmental impact. The experimental results demonstrate that the proposed image-based deep learning tool is beneficial for rice farmers in Raipur and contributes to sustainable agricultural development.

Keywords: deep learning, Crop disease detection, Leaf image analysis , Sustainable agriculture, Chhattisgarh.

SOUVENIR

MLDC26062

Digital Inclusion in Rural Development Towards Viksit Bharat

DR. SWATI SHARMA
ASSISTANT PROFESSOR & HOD, DEPARTMENT OF ECONOMICS
GOVT. PT. SHYAMACHARAN SHUKLA COLLEGE, DHARSIWA, RAIPUR

Abstract:
India has taken the ambitious idea of Viksit Bharat and has made it a goal to become a developed country by 2047. This idea is backed by the phenomenal growth of India in all sectors and its strong digital infrastructure supporting the growth. Digital inclusion is one of the key backbones of this infrastructure. Digital inclusion means equal and simultaneous access to technology, digital skills, and the internet to every citizen. India has made huge progress in this as there are over 886 million internet users with 397 million users from urban area and 488 million from rural area. This shows that rural areas have more users compared to urban areas.

This fast digital inclusion is powered by low-cost data plans, increased coverage, and affordable smart phones. Digital inclusion has several benefits for rural area like improved education, healthcare service, economic growth, job opportunities, easy access to government services, etc. However, it also has some adverse effect like high implementation cost, digital dependence, cybersecurity risk, cultural and social access, language barriers and difficulties for elder and disabled people. The digital inclusion though fast lacks any proper digital literacy, making technology seem irritable and hard for rural areas. The increasing cybercrimes like scams, frauds and learning problems make rural people feel that digital advancement is a barrier rather than a facility.

The government has also noticed this issue, and its pivotal role in hindering the vision of Viksit Bharat. It is now offering digital literacy training, awareness programs, increasing support for local language, and designing an assessable partnership for helping rural people in this digital inclusion. The strengthening of digital inclusion in rural areas will help in the development of rural communities, promoting sustainable development, improving the standard of living, reducing inequality, and ensuring that rural population is not left behind in the digital era as this leveraging technology sets an inclusion towards Viksit Bharat.

Keywords: Cybercrimes, Digital Inclusion, Digital Literacy, Sustainable Development, Viksit Bharat.

SOUVENIR

MLDC26063

Empowering Self-Help Groups through Digital Transformation: Leveraging Technology for Inclusive Economic Growth in India under the Vision of Viksit Bharat 2047

TRIPTY DEWANGAN
RESEARCH SCHOLAR: GOVT.DIGVIJAY SNATKOTTAR SWASHASHI MAHAVIDYALAYA, RAJNANDGAON

DR. ASHANAND MAKHIJA
DEPARTMENT OF COMMERCE, GOVT, SHIVNATH SCIENCE COLLEGE, RAJNANDGAON

DR. H. S. BHATIA
DEPARTMENT OF COMMERCE, GOVT.DIGVIJAY SNATKOTTAR SWASHASHI MAHAVIDYALAYA, RAJNANDGAON (C.G.)

Abstract:
Indias Viksit Bharat 2047 plan is all about growth that includes everyone, stays sustainable, and uses technology a lot. It mean, it pushes for that kind of economic push forward. Self Help Groups, or SHGs, they have become really important at the local level for things like reducing poverty, empowering women, and starting up businesses in rural areas.

When digital stuff is added like mobile banking or digital payments, e commerce, and even online training for skills, these groups start to change a lot. They turn into something that drives growth for more people, not just a few.

This paper looks at how technology in SHGs affects society and the economy, and how they help meet the goals of Viksit Bharat 2047. It uses some descriptive ways and analytical ones to check out income from these groups, how they bring in financial inclusion, and keeping livelihoods going strong for the people involved.

The results show that bringing in technology really helps boost income, build up savings, and get better access to markets. That makes SHGs even more key in Indias bigger plan for development over the long haul. It seems like without that tech, a lot of this might not happen as well, though I am not totally sure on every detail. Some parts get a bit complicated when you think about rural spots specifically.

Keywords: Self-Help Groups, Viksit Bharat 2047, Technology, Economic Growth, Financial Inclusion, Women Empowerment.

SOUVENIR

MLDC26064

Skills Development and Education: Integrating Neural Networks for Enhanced Learning Outcomes and Employability

DEEPSHIKHA SHARMA
ASSISTANT PROFESSOR, DEPARTMENT OF COMPUTER SCIENCE
GURUKUL MAHILA MAHAVIDYALAYA, RAIPUR

AMITA TELANG
ASSISTANT PROFESSOR, DEPARTMENT OF COMPUTER SCIENCE
GURUKUL MAHILA MAHAVIDYALAYA, RAIPUR

Abstract:
In the rapidly evolving digital era, the focus of education has shifted from knowledge acquisition to comprehensive skills development, which is essential for employability, innovation, and societal growth. Traditional education models, heavily reliant on uniform curricula and manual assessment, often fail to address individual learning needs, skill gaps, and the demands of modern industries. To overcome these limitations, Artificial Intelligence (AI), specifically Neural Networks (NNs), has emerged as a transformative tool in education. Neural networks, inspired by the structure and functionality of the human brain, can analyse large volumes of educational data, recognize learning patterns, and provide intelligent, adaptive solutions. This paper explores the integration of neural networks in education to enhance learning outcomes, personalized learning, skill assessment, and employability. By leveraging data-driven insights, NNs can customize learning content, identify individual strengths and weaknesses, and predict skill gaps, thereby facilitating targeted interventions. Furthermore, AI-based career guidance systems can align learners' capabilities with industry requirements, enhancing workforce readiness. The paper also examines the advantages, challenges, ethical concerns, and future prospects of implementing neural network–based educational systems. Integrating neural networks in skills development and education holds the potential to create adaptive, inclusive, and future-ready learning environments, bridging the gap between academia and industry while promoting sustainable economic growth. This study highlights the role of AI as a critical enabler in transforming education into a dynamic, learner-centric, and employment-oriented ecosystem.

Keywords: Skills Development, Education, Neural Networks, Artificial Intelligence, Personalized Learning, Employability, Learning Outcomes

SOUVENIR

MLDC26065

Green Innovation and Start-up Culture: Evidence from Indian Entrepreneurs

DR. ASHOK KUMAR JHA
HEAD & ASSISTANT PROFESSOR, DEPARTMENT OF MANAGEMENT
VIVEKANAND MAHAVIDYALAYA, RAIPUR, (C.G.)

Abstract:
This study examines the role of green innovation in shaping the start-up ecosystem in India. With sustainability gaining prominence, Indian entrepreneurs increasingly adopt green technologies and eco-friendly business models to create competitive advantage. This research explores the drivers, challenges, and impacts of green innovation on start-up performance. Using mixed methods—survey data from 150 Indian start-ups and in-depth interviews with founders—this study highlights key insights into how green innovation is reshaping entrepreneurial culture in India. Findings reveal that while regulatory support and market opportunities motivate green innovation, challenges related to finance and technology adoption persist. The paper concludes with policy recommendations for strengthening India's green start - up landscape.

Keywords: Green Innovation, Start-up Culture, Sustainability, Indian Entrepreneurs, Eco-enterprises.

SOUVENIR

MLDC26066

Integrating Computer Education for Skills Development in the Education System

DR. DEEPTI VERMA
ASSISTANT PROFESSOR
SHRI SHANKARACHARYA INSTITUTE OF PROFESSIONAL STUDIES, RAIPUR

Abstract:
This study examines the role of green innovation in shaping the start-up ecosystem in India. With sustainability gaining prominence, Indian entrepreneurs increasingly adopt green technologies and eco-friendly business models to create competitive advantage. This research explores the drivers, challenges, and impacts of green innovation on start-up performance. Using mixed methods—survey data from 150 Indian start-ups and in-depth interviews with founders—this study highlights key insights into how green innovation is reshaping entrepreneurial culture in India. Findings reveal that while regulatory support and market opportunities motivate green innovation, challenges related to finance and technology adoption persist. The paper concludes with policy recommendations for strengthening India's green start - up landscape.

Keywords: Green Innovation, Start-up Culture, Sustainability, Indian Entrepreneurs, Eco-enterprises.

SOUVENIR

MLDC26067

Economic Impact of Machine Learning–Based Cancer Diagnosis in India's Healthcare System

MRS. RUKMANI DIGRASKAR
RESEARCH SCHOLAR, KALINGA UNIVERSITY, RAIPUR

DR. ANUPA SINHA
ASSISTANT PROFESSOR, DEPTMENT OF COMPUTER SCIENCE
KALINGA UNIVERSITY, RAIPUR

Abstract:
The revolution incidence of cancer in India presents a relevance economic load on distinctive, families, and the national healthcare system. Machine Learning (ML)–based diagnostic technologies have the potential to enhance early detection, reduce false positives, optimize workflow efficiency, and cut healthcare costs. In this paper evaluate the economic impact of merging Machine Learning-based cancer diagnosis in India, focusing on accessibility expansion, long-term health outcomes, productivity gains, and cost savings.

It identifies the opportunities and financial obstacles, quantifies potential savings from early detection and decrease treatment costs. Findings suggest that effective deployment of Machine Learning diagnostics can contribute to improve resource allocation, reducing cancer-related expenditures, and support India's commitment to equitable and sustainable healthcare.

Keywords: Cancer Diagnosis, Machine Learning, Economic Impact, Cancer Diagnosis, Healthcare Economics, Cost Efficiency, India, Healthcare Policy

SOUVENIR

MLDC26068

Skill development in education

DR. PRAGATI DUBEY
ASSISTANT PROFESSOR, DEPARTMENT OF EDUCATION,
DURGA MAHAVIDYALAYA RAIPUR

Abstract:
Skill development in education plays a crucial role in preparing students for real-life challenges and the rapidly changing job market. Modern education is no longer limited to academic knowledge; it also focuses on developing essential skills such as communication, problem-solving, critical thinking, creativity, teamwork, and digital literacy. These skills help learners become confident, independent, and employable individuals. Integrating skill-based learning into the curriculum bridges the gap between theory and practice, making education more meaningful and practical. Skill development also supports personal growth, enhances adaptability, and promotes lifelong learning. Therefore, education systems must emphasize skill-oriented training to create a capable, innovative, and future-ready generation.

Keywords: Skill Development, Education, Employability, Life Skills, Holistic Development

SOUVENIR

MLDC26069

Impact of Corporate Governance in Company Law Regime: A Key for Viksit Bharat@2047

DR. ASHISH PRATAP SINGH
ASSISTANT PROFESSOR,DEPARTMENT OF LAW
ISBM UNIVERSITY RAIPUR(C.G.)

Abstract:
The vision of Viksit Bharat @ 2047 aspires to transform India into a fully developed, inclusive, and globally competitive economy by the centenary year of its independence. Achieving this ambitious goal requires not only economic growth but also robust institutional frameworks that promote transparency, accountability, and sustainable development. Corporate governance, embedded within the company law regime, plays a pivotal role in ensuring that corporations act as responsible engines of national development.

Keywords: Skill Development, Education, Employability, Life Skills, Holistic Development

SOUVENIR

MLDC26070

SKILL DEVLOPMENT AND EDUCATION IN INDIA

DEVSHREE VERMA[1],
ASSISTANT PROFESSOR, GURUKUL MAHILA MAHAVIDYALAYA, KALABARI RAIPUR

K.K. HARRIS[2]
PROFESSOR AND HEAD, DEPARTMENT OF ZOOLOGY
GOVT. D.B. GIRLS P.G. COLLEGE, RAIPUR

Abstract:
Skill development programmes implement in India. The aim of study is to investigate the existing literature for the skill development programmes the demographic proportion in India by makes them more skilled and employable. This literature study is to review the various initiatives taken by Government of India, programmes conducted through public and private partnership, ways to increase the employability skills, challenges faced for the success of the programme. The importance of skill development in India, the role of institutions, skill development as a necessity in the beginning of technical changes, an effective measure to empower women in the country and the need of integrating skill development with education.

KEYWORDS: EDUCATION , EMPLOYABLE, SKILL DEVLOPMENT, TECHNICAL CHANGE

MLDC26071

ई-गवर्नेंस एवं डिजिटल सार्वजनिक सेवाएँ

डॉ. जी. डी. एस. बग्गा [1]
प्राध्यापक (वाणिज्य), चंदुलाल चंद्राकर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, धमधा

नूतन देशमुख [2]
शोधार्थी, भिलाई महिला महाविद्यालय, भिलाई नगर

सारांश (Abstract):-
वर्तमान वैज्ञानिक उपलब्धियाँ मानव जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित कर रही हैं। वर्तमान युग लोकतान्त्रिक शासन व्यवस्था का युग है। इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में देश की जनता की आकांक्षाओ को पूर्ण करना आज की शासन व्यवस्था का प्रमुख दायित्व है। अपने इस दायित्व को पूर्ण करने के लिए सार्वजानिक सेवाओं को डिजिटल स्वरुप में परिवर्तित किया जाता है तथा शासन व्यवस्था ई-गवर्नेंस का रूप धारण करती है। इस समय इलेक्ट्रॉनिक ऑनलाइन पोर्टल, मोबाइल एप, नागरिक वेबसाइट आदि की मदद से शासकीय योजनाओं एवं कार्यों का अधिकतम एवं श्रेष्टतम क्रियान्वयन किया जाता है।

मुख्य शब्द (Keywords): ई-गवर्नेंस, इलेक्ट्रॉनिक ऑनलाइन पोर्टल, नागरिक वेबसाइट, डिजिटल प्लेटफॉर्म

SOUVENIR

MLDC26072

छत्तीसगढ़ में दुग्ध उत्पादन व्यवसाय: चुनौतियां एवं संभावनाएं

नमिता सिंह
शोधार्थी, महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)

सारांश (Abstract):-
यह शोध पत्र छत्तीसगढ़ में दुग्ध उत्पादन व्यवसाय की वर्तमान स्थिति, प्रमुख चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं का विकसित भारत 2047 के परिप्रेक्ष्य में व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करता है। राज्य का वार्षिक दूध उत्पादन लगभग 23-25 लाख टन है, जो देश के कुल उत्पादन का मात्र 1.5% है। 2019-20 में जहां राष्ट्रीय स्तर पर प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 406 ग्राम प्रतिदिन थी, वहीं छत्तीसगढ़ में यह केवल 152 ग्राम प्रतिदिन रही। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ (देवभोग ब्रांड), अमूल और मदर डेयरी जैसे प्रमुख संस्थान राज्य में सक्रिय हैं।

अध्ययन में चारे की कमी, नस्ल सुधार की आवश्यकता, आधारभूत संरचना की अपर्याप्तता, कोल्ड चेन व्यवस्था की समस्याएं, बिचौलियों की भूमिका और पशु स्वास्थ्य सेवाओं की सीमाओं जैसी प्रमुख चुनौतियों का विश्लेषण किया गया है। साथ ही, गोधन न्याय योजना, राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम, सहकारी मॉडल (अमूल से प्रेरित), महिला सशक्तिकरण और डिजिटलीकरण जैसे अवसरों की पड़ताल की गई है।

विकसित भारत 2047 के संदर्भ में, यह शोध स्थापित करता है कि आधारभूत संरचना में निवेश, वैज्ञानिक नस्ल सुधार, चारा प्रबंधन, डिजिटल तकनीक का समावेश और सशक्त सहकारी संरचना के माध्यम से छत्तीसगढ़ दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर और निर्यात सक्षम राज्य बन सकता है। यह परिवर्तन न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि रोजगार सृजन, महिला सशक्तिकरण, पोषण सुरक्षा और सतत विकास के राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति में भी सहायक होगा। शोध का निष्कर्ष है कि समेकित नीतिगत हस्तक्षेप और बहुआयामी विकास रणनीति के माध्यम से छत्तीसगढ़ का दुग्ध क्षेत्र विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

मुख्य शब्द (Keywords): दुग्ध उत्पादन, छत्तीसगढ़, विकसित भारत 2047, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, सहकारी मॉडल, गोधन न्याय योजना, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता

SOUVENIR

MLDC26073

विकसित भारत की दिशा में प्रौद्योगिकी-संचालित उद्यानिकी व्यवसाय: कृषि, खाद्य सुरक्षा एवं सतत आर्थिक विकास का मूल्यांकन (छत्तीसगढ़ राज्य के विशेष संदर्भ में)

सत्येन्द्र [1]
शोधार्थी, महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़

डॉ. शांतनु पॉल [2]
प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (वाणिज्य विभाग)
महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़

सारांश (Abstract):-
विकसित भारत 2047 का राष्ट्रीय संकल्प भारतीय कृषि व्यवस्था में एक संरचनात्मक परिवर्तन की मांग करता है, जिसका उद्देश्य निर्वाह खेती से हटकर प्रौद्योगिकी-समर्थित कृषि-व्यवसाय की ओर बढ़ना है। छत्तीसगढ़ राज्य, अपनी विविध कृषि-जलवायु परिस्थितियों के साथ, इस परिवर्तन में केंद्रीय भूमिका निभा सकता है। इस शोध का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ में पिछले 11 वर्षों (2014-15 से 2024-25) के दौरान उद्यानिकी फसलों (फल, सब्जियां, मसाले) के उत्पादन, उत्पादकता और क्षेत्रफल में हुए परिवर्तनों का सांख्यिकीय मूल्यांकन करना है। यह अध्ययन द्वितीयक आंकड़ों पर आधारित है, जो उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी संचालनालय, छत्तीसगढ़ और आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग से प्राप्त किए गए हैं। आंकडों के विश्लेषण के लिए चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (CAGR), प्रवृत्ति विश्लेषण (Trend Analysis) और वर्णनात्मक सांख्यिकी का प्रयोग किया गया है।सांख्यिकीय विश्लेषण दर्शाता है कि पिछले एक दशक में राज्य के उद्यानिकी उत्पादन में 2.06ः की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि (CAGR) दर्ज की गई है। कुल उत्पादन वर्ष 2014-15 के 85.95 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर वर्ष 2024-25 में 105.47 लाख मीट्रिक टन हो गया है। आर्थिक व्यवहार्यता के विश्लेषण में पाया गया कि पपीता (लाभ-लागत अनुपात 2.89) और टमाटर (लाभ-लागत अनुपात 2.45) जैसी फसलें धान की तुलना में अत्यधिक लाभदायक हैं। यद्यपि दीर्घकालिक प्रवृत्ति सकारात्मक है, परंतु अध्ययन का एक चिंताजनक पहलू यह है कि वर्ष 2022-23 (112.45 लाख टन) के बाद से उत्पादन में लगातार दो वर्षों (2023-24 और 2024-25) में गिरावट दर्ज की गई है। यह गिरावट जलवायु परिवर्तन और मौसमी अस्थिरता का स्पष्ट संकेत है। शोध पत्र निष्कर्ष निकालता है कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संरक्षित खेती, डिजिटल कृषि (एग्री-स्टैक), और प्रसंस्करण आधारित मूल्य श्रृंखला का एकीकरण अनिवार्य है।

मुख्य शब्द (Keywords): विकसित भारत 2047, छत्तीसगढ़, उद्यानिकी-व्यवसाय, CAGR, विश्लेषण, छत्तीसगढ़ विजन, सतत विकास।

SOUVENIR

MLDC26074

भारत 2047: सतत् आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में पर्यटन उद्योग की भूमिका

सोमा गोस्वामी
सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य विभाग),
महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय, रायपुर

सारांश (Abstract):-
भारत एक विविधताओं युक्त देश है जो अपनी संस्कृति, इतिहास और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। पर्यटन उद्योग भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करता है, जो GDP का लगभग 6.5% है और 4.3 करोड़ नौकरियों को सपोर्ट करता है। भारत सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं, जैसे कि PRASHAD, देखो अपना देश, वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम, और SWADESH 2.0

इन पहलों का उद्देश्य पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना और स्थानीय समुदायों को लाभ पहुंचाना है। 2023 में, भारत में 9.24 मिलियन विदेशी पर्यटकों का आगमन दर्ज किया गया, जो 2022 की तुलना में 43.5% की वृद्धि है। विदेशी पर्यटकों के आगमन से 2.3 लाख करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा आय हुई।

भारत का पर्यटन उद्योग तेजी से बढ़ रहा है, और 2034 तक GDP में इसका योगदान 7.6% होने का अनुमान है। यह सेक्टर रोजगार के अवसर पैदा करने और स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हेल्थ, वेलनेस, एडवेंचर और नीश टूरिज्म जैसे नए आयाम पर्यटन क्षेत्र को और सशक्त बना रहे हैं। सरकार की पहलों और निवेश से यह क्षेत्र 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

मुख्य शब्द (Keywords): विकसित भारत , पर्यटन, रोजगार, आर्थिक विकास,अर्थव्यवस्था

SOUVENIR

MLDC26075

परंपरा एवं प्रौद्योगिकी के मध्य सेतु के रूप में साहित्य

प्रज्ञा चौधरी
शोधार्थी

डॉ. मालती तिवारी
प्राध्यापक एवं विभाग अध्यक्ष राजनीति विज्ञान
शासकीय महा प्रभुवल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जिला महासमुंद, छत्तीसगढ़

सारांश (Abstract):-
प्रस्तुत शोध पत्र परंपरा एवं प्रौद्योगिकी के मध्य सेतु के रूप में साहित्य के अंतर्संबंधो का गहन विश्लेषण करते हुए यह प्रतिपादित करता है कि साहित्य मात्र शब्दों का संचयन नही बल्कि मानवीय सभ्यता के क्रमिक विकास की वह धुरी है जो अतीत की थाती और भविष्य की संभावनाओं के मध्य सामंजस्य स्थापित करती है। समकालीन वैश्विक परिदृश्य में जहां एक ओर सहस्रों वर्षों पुरानी परंपराएं हमारी सांस्कृतिक पहचान और नैतिक बोथ का आधार है, वहीं दूसरी ओर द्रुत गति से विकसित होती प्रौद्योगिकी मानव जीवन के बाह्य स्वरूप को पुनर्गठित कर रही है, जिसके फल स्वरुप अक्सर परंपरा और आधुनिकता के बीच एक वैचारिक और संवेदनात्मक अंतराल उत्पन्न हो जाता है। यह शोध इस मौलिक प्रश्न की पड़ताल करता है कि साहित्य किस प्रकार एक जीवंत सेतु बनकर प्राचीन मूल्यो, लोक अनुभवो, और सांस्कृतिक धरोहरों को आधुनिक तकनीक के शुष्क एवं यांत्रिक ढांचे में ढालकर उन्हें प्रासंगिक बनाए रखता है।

शोध के अंतर्गत यह स्पष्ट किया गया है कि साहित्य जहां परंपराओं को रूढ़िवादिता की जकड़न से मुक्त कर उनमें प्रगतिशील चेतना का संचार करता है, वहीं दूसरी ओर वह प्रौद्योगिकी के मानवीकरण की प्रक्रिया को भी संपन्न करता है ताकि विज्ञान और तकनीक केवल भौतिक उन्नति का साधन न रहकर मानवीय संवेदनाओं के संवाहक बन सके। मुद्रण क्रांति से लेकर वर्तमान के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इबुक्स और फॉर डिजिटल मीडिया के युग तक, साहित्य ने अपनी अभिव्यक्ति के माध्यमों को तकनीक के अनुरूप परिवर्तित किया है, किंतु उसकी अंतर्वस्तु में सदैव वही शाश्वत मानवीय प्रश्न विद्यमान रहे हैं जो हमें हमारी जड़ों से जोड़ते हैं। विश्लेषणात्मक पद्धति का आश्रय लेते हुए यह शोध यह भी रेखांकित करता है कि कैसे समकालीन साहित्यकार पौराणिक आख्यानों और लोक-परंपराओं को नवीन तकनीकी विधाओं के माध्यम से वैश्विक मंच पर प्रस्तुत कर रहे हैं, जिससे स्थानीय और वैश्विक का भेद मिट रहा है। निष्कर्षत यह शोध पत्र सिद्ध करता है कि साहित्य ही वह एक मात्र माध्यम है जो परंपरा की नैतिकता और प्रौद्योगिकी की गतिशीलता को एक सूत्र में पिरोकर एक ऐसी संतुलित सभ्यता के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करता है जहां मनुष्य अपनी जड़ों को खोए बिना भविष्य के शिखर की और अग्रसर हो सके।

मुख्य शब्द (Keywords): साहित्य, परंपरा, प्रौद्योगिकी, सांस्कृतिक धरोहर, वैश्विक परिदृश्य, मानवीय संवेदना, डिजिटल मीडिया, प्रगतिशील चेतना, तकनीकी विधायेँ।

SOUVENIR

MLDC26076

छत्तीसगढ़ के अनुसूचित क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा चुनौतियां एवं संभावनाएं

डॉ युलेंद्र कुमार राजपूत [1]
प्राचार्य,अग्रसेन महाविद्यालय पुरानी बस्ती रायपुर (छग)

ओंकार प्रसाद साहू [2]
शोधार्थी, अग्रसेन महाविद्यालय पुरानी बस्ती रायपुर (छग)

सारांश (Abstract):-
नवीकरणीय ऊर्जा सतत एवं स्थाई विकास की मूल आधारशिला मानी जाती हैं। वर्तमान परिदृश्य में ऐसी नवाचार तकनीकों का विकास एवं उपयोग करना आवश्यक है जो पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा निर्मित कर प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित करें। इनका प्रमुख उद्देश्य प्रदूषण में कमी, ऊर्जा सुरक्षा तथा प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित विदोहन कर आर्थिक व सामाजिक विकास को गति प्रदान करना है। भारत में नवीकरणीय ऊर्जा के विकास की अपार संभावनाएं विद्यमान हैं, विशेष रूप से अनुसूचित क्षेत्र जो अधिकांशतः पहाड़ो एवं वनाच्छादित क्षेत्र में स्थित है, जहां पर ऊर्जा पहुंच सीमित है। नवीकरणीय ऊर्जा विकास के लिए स्थाई विकल्प बन सकता है। यह अध्ययन छत्तीसगढ़ के अनुसूचित क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों, संभावनाओं और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का विश्लेषण करता है। नवीकरणीय ऊर्जा जैसे सौर, जल विद्युत और बायोमास इन क्षेत्रों में न केवल ऊर्जा सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं, बल्कि स्थानीय रोजगार सृजन, आजीविका संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य जो भारत का प्रमुख कोयला उत्पादन राज्य है जहां नवीकरणीय ऊर्जा की उपलब्धता सीमित हैं, विशेष रूप से अनुसूचित क्षेत्र जहां राज्य का लगभग 32% आबादी निवास करते हैं। इस क्षेत्र में अक्षय ऊर्जा के लिए बुनियादी ढांचे की कमी, भू-अधिग्रहण की समस्या, जलवायु परिवर्तन, नक्सलवाद और नीतिगत कमियां प्रमुख चुनौतियां हैं। इसके बावजूद भारत का लक्ष्य 2030 तक 500 GW अक्षय ऊर्जा हासिल करना है जिसमें अनुसूचित क्षेत्र का योगदान महत्वपूर्ण हो सकता है। यदि नवीकरणीय ऊर्जा योजनाओं का क्रियान्वयन स्थानीय आवश्यकताओं, सामाजिक संरचना एवं सामुदायिक सहभागिता के साथ किया जाए तो अनुसूचित क्षेत्र में ऊर्जा आवश्यकता एवं सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्य शब्द (Keywords): नवीकरणीय, सौर ऊर्जा, अनुसूचित क्षेत्र, सतत विकास, पर्यावरण, संरक्षण ।

SOUVENIR

MLDC26077

विकसित भारत के निर्माण में हिन्दी भाषा : ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य एवं समकालीन प्रासंगिकता

प्रीतम कुमार दास
सहायक प्राध्यापक (हिन्दी)
महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय, रायपुर (छ. ग.)

सारांश (Abstract):-

भारत विविधताओं का देश है। यहाँ थोड़े अंतराल पर ही भौगोलिक परिस्थितियों में उल्लेखनीय परिवर्तन परिलक्षित होता है। जैसे-जैसे लोग स्थान बदलते हैं, वैसे-वैसे उनकी संस्कृति, जीवन-शैली और भाषिक अभिव्यक्ति में भी परिवर्तन आ जाता है। प्राचीन कहावत भी है- "चार कोस पर पानी बदले, आठ कोस पर वाणी।" विकसित भारत की संकल्पना में हिन्दी भाषा की भूमिका महत्वपूर्ण है। हिन्दी भाषा न केवल सर्वाधिक व्यापक जनभाषा है, बल्कि यह सामाजिक एकता, लोकतांत्रिक सहभागिता, शिक्षा, प्रशासन, ज्ञान-विज्ञान, डिजिटल सशक्तिकरण और सांस्कृतिक पहचान का सशक्त माध्यम भी है। सन् 2047 में भारत अपनी स्वतंत्रता की गौरवपूर्ण शताब्दी का उत्सव मनाएगा। इस अवसर तक भारत को एक विकसित, आत्मनिर्भर, समावेशी एवं वैश्विक नेतृत्वकर्ता राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य राष्ट्रीय संकल्प के रूप में स्वीकार किया गया है, जिसे 'विकसित भारत-2047' की संकल्पना कहा जा रहा है। इस विकास यात्रा में आर्थिक प्रगति, तकनीकी नवाचार, औद्योगिक विस्तार, सामाजिक न्याय और सुशासन के साथ-साथ भाषा की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। भाषा केवल संप्रेषण का साधन न होकर विचार, संस्कृति, चेतना और राष्ट्रीय अस्मिता की संवाहक होती है।

यह शोधपत्र विकसित भारत 2047 की परिकल्पना में हिन्दी भाषा की भूमिका का ऐतिहासिक, संवैधानिक, शैक्षिक, प्रशासनिक, आर्थिक, तकनीकी, सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से समग्र विश्लेषण प्रस्तुत करता है। साथ ही हिन्दी के समक्ष विद्यमान चुनौतियों, संभावनाओं तथा नीतिगत समाधानों पर भी विस्तार से विचार करता है। निष्कर्षतः यह अध्ययन प्रतिपादित करता है कि हिन्दी भाषा को यदि ज्ञान, शासन और तकनीक की भाषा के रूप में सुनियोजित ढंग से विकसित किया जाए, तो वह विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने में निर्णायक भूमिका निभा सकती है।

मुख्य शब्द (Keywords): विकसित भारत 2047, हिन्दी भाषा, भाषा और विकास, शिक्षा, प्रशासन, डिजिटल इंडिया, राष्ट्रीय एकता।

SOUVENIR

MLDC26078

विकसित भारत 2047 के परिप्रेक्ष्य में नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों का भौगोलिक वितरण एवं सतत विकास

डॉ. श्वेता शर्मा
सहायक प्राध्यापक, भूगोल
महंत लक्ष्मीनारायण दास कॉलेज, रायपुर, छत्तीसगढ़

सारांश (Abstract):-
भारत 21वीं सदी के मध्य तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य के साथ " विकसित भारत 2047 " की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में अग्रसर है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में ऊर्जा क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान में भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा भाग जीवाश्म ईंधनों से पूरा होता है, जिससे कार्बन उत्सर्जन, पर्यावरण प्रदूषण तथा जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं। ऐसी स्थिति में नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन—जैसे सौर, पवन, जल, बायोमास और भू-तापीय ऊर्जा—भारत के सतत विकास के लिए एक व्यवहारिक एवं दीर्घकालिक समाधान प्रस्तुत करते हैं।

प्रस्तुत शोध-पत्र में भारत में नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों के भौगोलिक वितरण, उनकी क्षेत्रीय संभावनाओं, तथा आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभावों का विस्तृत विश्लेषण किया गया है। साथ ही, यह अध्ययन स्पष्ट करता है कि किस प्रकार तकनीक, नीति और भूगोल के समन्वय से नवीकरणीय ऊर्जा विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों—ऊर्जा आत्मनिर्भरता, हरित अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और पर्यावरण संरक्षण—को प्राप्त करने में निर्णायक भूमिका निभा सकती है।

मुख्य शब्द (Keywords): विकसित भारत 2047, नवीकरणीय ऊर्जा, भौगोलिक वितरण, सतत विकास, ऊर्जा आत्मनिर्भरता

SOUVENIR

MLDC26079

डिजिटल इंडिया और होटल उद्योग: रायपुर (छत्तीसगढ़) का अध्ययन विकसित भारत–2047 के संदर्भ में

लोकेश कुमार साहू
शोधार्थी (वाणिज्य)
महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

डॉ. श्वेता महाकालकर
सहायक प्राध्यापक, महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय, रायपुर

सारांश (Abstract):-
डिजिटल इंडिया कार्यक्रम भारत सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य देश को एक डिजिटल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तित करना है। इस कार्यक्रम का प्रभाव भारत के सेवा क्षेत्र पर विशेष रूप से देखा गया है, जिसमें होटल एवं आतिथ्य उद्योग का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। होटल उद्योग न केवल पर्यटन को बढ़ावा देता है, बल्कि रोजगार सृजन, स्थानीय आर्थिक विकास एवं विदेशी मुद्रा अर्जन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस शोध का मुख्य उद्देश्य रायपुर (छत्तीसगढ़) में होटल उद्योग पर डिजिटल इंडिया के प्रभाव का अध्ययन करना तथा विकसित भारत–2047 की परिकल्पना के संदर्भ में इसके योगदान का विश्लेषण करना है। यह अध्ययन वर्ष 2020 से 2025 की अवधि पर केंद्रित है, जिसमें होटल उद्योग में अपनाई गई डिजिटल तकनीकों—जैसे ऑनलाइन बुकिंग प्लेटफॉर्म, UPI एवं डिजिटल भुगतान प्रणाली, डिजिटल मार्केटिंग, होटल मैनेजमेंट सिस्टम (HMS) तथा डेटा-आधारित सेवाओं—के प्रभावों का विश्लेषण किया गया है। अध्ययन में वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध पद्धति का प्रयोग किया गया है। डेटा संग्रह के लिए द्वितीयक स्रोतों जैसे पर्यटन विभाग, होटल एसोसिएशन रिपोर्ट्स, सरकारी प्रकाशन एवं समाचार पत्रों के साथ-साथ स्थानीय होटलों से प्राप्त सीमित प्राथमिक जानकारी का उपयोग किया गया है। अध्ययन के निष्कर्षों से यह स्पष्ट होता है कि रायपुर के होटल उद्योग में डिजिटल अपनाने की प्रवृत्ति में निरंतर वृद्धि हुई है। ऑनलाइन बुकिंग की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि, डिजिटल भुगतान माध्यमों—विशेषकर UPI—का व्यापक उपयोग तथा डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से ग्राहक आधार का विस्तार इस परिवर्तन के प्रमुख संकेतक हैं। डिजिटलीकरण के परिणामस्वरूप होटल उद्योग की परिचालन दक्षता में सुधार हुआ है, ग्राहक संतुष्टि में वृद्धि हुई है तथा सेवाओं की गुणवत्ता बेहतर हुई है। इसके साथ ही, डिजिटल तकनीकों के कारण रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हुए हैं, जैसे आईटी सपोर्ट, डिजिटल मार्केटिंग, डेटा प्रबंधन एवं ऑनलाइन ग्राहक सेवा से संबंधित भूमिकाएँ। आर्थिक दृष्टिकोण से भी यह अध्ययन दर्शाता है कि डिजिटल इंडिया समर्थित होटल उद्योग ने रायपुर की स्थानीय GDP में सकारात्मक योगदान दिया है। होटल व्यवसाय की उत्पादकता में वृद्धि, पर्यटन गतिविधियों में विस्तार और पारदर्शी वित्तीय लेन-देन ने क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया है। यद्यपि डिजिटल साक्षरता की कमी, साइबर सुरक्षा जोखिम तथा छोटे होटलों की तकनीकी सीमाएँ जैसी कुछ चुनौतियाँ अभी भी विद्यमान हैं, फिर भी उचित प्रशिक्षण, नीतिगत समर्थन एवं डिजिटल अवसंरचना के विकास से इन बाधाओं को दूर किया जा सकता है। अंततः यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि डिजिटल इंडिया और होटल उद्योग एक-दूसरे के पूरक हैं। रायपुर के होटल उद्योग का डिजिटलीकरण न केवल वर्तमान आर्थिक विकास को गति दे रहा है, बल्कि विकसित भारत–2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह अध्ययन नीति-निर्माताओं, होटल प्रबंधन तथा शोधकर्ताओं के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

मुख्य शब्द (Keywords): डिजिटल इंडिया, होटल उद्योग, रायपुर, विकसित भारत–2047, ऑनलाइन बुकिंग, डिजिटल भुगतान

SOUVENIR

MLDC26080

स्मार्ट सिटीज़ और शहरी विकास : ऐतिहासिक भारतीय संस्कृति एवं स्वदेशी ज्ञान प्रणाली का पुनरुत्थान

आशा गुप्ता [1]
शोधार्थी, महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय, रायपुर

डॉ. श्वेता महाकालकर [2]
सहायक प्राध्यापक, महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय, रायपुर

सारांश (Abstract):-
भारत का स्मार्ट सिटी मिशन आधुनिक शहरी विकास को एक नई दिशा देने का अवसर प्रदान करता है, जिसमें ऐतिहासिक भारतीय संस्कृति और स्वदेशी ज्ञान प्रणाली को शामिल किया जा सकता है। जहाँ वैश्विक स्मार्ट सिटी मॉडल मुख्य रूप से डिजिटल तकनीक और डेटा आधारित शासन पर केंद्रित हैं, वहीं भारत की प्राचीन नगर व्यवस्थाएँ—जैसे मोहनजोदड़ो, वाराणसी और जयपुर—स्थायित्व, सामुदायिक सहभागिता और पर्यावरणीय संतुलन के सिद्धांतों पर आधारित रही हैं। यह शोध पत्र पारंपरिक पारिस्थितिकीय ज्ञान और स्थानीय वास्तुकला के माध्यम से टिकाऊ और समावेशी शहरी भविष्य की संभावनाओं का विश्लेषण करता है। स्वदेशी योजनाओं में जल, भूमि और जलवायु के साथ परस्पर संबंधों को महत्व दिया गया है जो औपनिवेशिक शहरीकरण की तकनीकी प्रवृत्तियों को चुनौती देते हैं। शोध में भारतीय परिप्रेक्ष्य से लिए गए उदाहरणों के माध्यम से यह दर्शाया गया है कि कैसे विरासत-संवेदनशील अवसंरचना, स्थानीय सामग्रियों का उपयोग और सांस्कृतिक परिदृश्य स्मार्ट सिटी डिज़ाइन में एकीकृत किए जा सकते हैं। यह दृष्टिकोण न केवल शहरी कल्पनाओं का उपनिवेशीकरण समाप्त करता है, बल्कि सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) के साथ भी मेल खाता है विशेष रूप से सांस्कृतिक संरक्षण, समावेशी समुदायों और जलवायु अनुकूलन से संबंधित लक्ष्यों के साथ।

मुख्य शब्द (Keywords): स्मार्ट सिटी, शहरी विकास,ऐतिहासिक भारतीय संस्कृति,स्वदेशी ज्ञान प्रणाली, पारंपरिक शहरी नियोजन

SOUVENIR

MLDC26081

प्रौद्योगिकी के माध्यम से पर्यटन विकास और चुनौतियां

जगदीश प्रसाद खटकर
शोध छात्र, कलिंगा विश्वविद्यालय नवा रायपुर

डॉ ए राजशेखर
(प्राध्यापक)शोध निदेशक, विभागाध्यक्ष -भूगोल
कलिंगा विश्वविद्यालय नवा रायपुर

सारांश (Abstract):-
पर्यटन आधुनिक युग में भौगोलिक तथा सांस्कृतिक जीवन पद्धति को देखने का अवसर प्रदान कर जिज्ञासाओं को संतुष्ट करने तथा पर्यटकों को लुभावने वाला नई प्रवृत्ति बन रही है ,वर्तमान दौर में प्रौद्योगिकी के विभिन्न माध्यमों ने पर्यटन के विभिन्न आयामों को ज्यादा अधिक व्यक्तिगत ,स्मार्ट, सतत्, सस्टेनेबल बनाकर वैश्विक पहचान दिलाई है प्रौद्योगिकी के विभिन्न माध्यमों जैसे एआई ,इंटरनेट, डाटा ,ब्लॉकचैन,आन साइट अनुभव, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, इंटरनेट आफ थिंग्स, क्लाउड कंप्यूटिंग,वीआर,एआर से पर्यटन क्षेत्र में विभिन्न इवेंट प्रचार- प्रसार व वर्कशॉप इत्यादि में तीव्र गति से बदलाव आया है जिससे पर्यटन स्थलों की श्रेणी, सुविधा यात्रा मार्ग, ऑन साइट अनुभव ,मीटिंग व कैंप टूर ,पैकेज टूर, बुकिंग, पर्यटन सूचना केंद्र,टोलफ्री नं.,डॉक्यूमेंट्री ,प्रोमोज , गिजिट्स, आर्टिफिशियल वेबसाइट, टूरिज्म मैप, 24 घंटे सेवा, पंजीकृत ट्रैवल एंड टूर ऑपरेटर्स, होटल ,गाइड सेवाएं, साइकिल और बाइक राइड इवेंट की जानकारी व समाधान उपलब्ध हुआ है प्रौद्योगिकी के माध्यम से नए स्थलों की पहचान, समुदायों की भागीदारी, आर्थिक लाभ तथा ऐतिहासिक, सांस्कृतिक धरोहर स्थलों का संरक्षण के प्रति जागरूकता होमस्टे ,रात्रि पर्यटन (नोक्टर्नल टूरिज्म), ट्राइबल टूरिज्म, इको टूरिज्म, वाईल्डलाइफ टूरिज्म ,वाटर टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म तथा धार्मिक दर्शनीय स्थल टूरिज्म की आपार संभावनाएं बढ़ी है जिससे जीडीपी में पर्यटन का योगदान बढ़ रहा है तथा प्रौद्योगिकी माध्यमों से वैश्विक स्तर पर बदलते बजारों की जरूरत के अनुरूप ढालने तथा प्रतिस्पर्धा बढ़ने में उनके उपयोग के प्रति जिम्मेदारी भी बढ़ी है, दुर्गम स्थलों पर सुगम पहुंच में बाधा, बजट में कम प्रावधान, पर्यटन से पारिस्थितिकी पर्यटन जन चेतना का अभाव ,धोखाधड़ी, फीडबैक रिपोर्ट की नकारात्मकता, डाटा उपयोगिता, गोपनीयता,साइबर सुरक्षा, पर्यावरण अवनयन व दबाव,ओवर टूरिज्म ,नैतिकता एवं सामाजिक मुद्दे हैं तथा इनसे जुड़े खतरों को कम करने की अंतर्दृष्टि प्रदान करना है क्योंकि पर्यावरण अनुकूल समन्वित विकास लक्ष्य की पूर्ति में पर्यटन उद्योग सहायक हो तब ज्यादा सार्थक बनेगा

यह शोध पत्र प्रौद्योगिकी के माध्यम से पर्यटन विकास और चुनौतियों पर प्रकाश डालता है, प्रस्तुत शोधपत्र द्वितीय आंकड़ों पर आधारित हैl

मुख्य शब्द (Keywords): प्रौद्योगिकी साधन, पर्यटन आयाम,सस्टेनेबल, सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण ,अवनयन

SOUVENIR

MLDC26082

छत्तीसगढ़ में एमएसएमई में महिला उद्यमिता और तकनीकी नवाचार: एक अध्ययन

सुमन धृतलहरे
शोधार्थी, महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय, रायपुर

डॉ. श्वेता महाकालकर
सहायक प्राध्यापक, महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय, रायपुर

सारांश (Abstract):-
छत्तीसगढ़ राज्य के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में डिजिटल प्रौद्योगिकी के माध्यम से महिला उद्यमशीलता के उत्थान का यह अनुसंधान विशेष रूप से बिहान दीदी कार्यक्रम के अंतर्गत यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) एवं फिनटेक्नोलॉजी समाधानों के व्यावसायिक प्रभावों की गहन पड़ताल प्रस्तुत करता है। उद्यम पंजीकरण प्रणाली के अनुसार राज्य में 56,254 महिला संचालित उद्यम औपचारिक रूप से पंजीकृत हैं, जबकि स्वयंसहायता समूहों सहित अनौपचारिक क्षेत्र में 3.25 लाख से अधिक सक्रिय महिला उद्यमी कार्यरत हैं। रायपुर संभाग में लगभग 29,500 पंजीकृत एवं एक लाख से अधिक ग्रामीण महिला उद्यमियों की उपस्थिति दर्ज की गई।

मिश्रित अनुसंधान पद्धति के अंतर्गत रायपुर, दुर्ग एवं बस्तर जिलों से चयनित 250 महिला उद्यमियों पर आधारित प्राथमिक सर्वेक्षण कार्यान्वित किया गया। R सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर में बहु-चर प्रतिगमन विश्लेषण से प्रमाणित हुआ कि डिजिटल वित्तीय सेवाओं के स्वीकार्यता से औसतन 55% व्यावसायिक आय वृद्धि ($\beta=0.42$, $p<0.01$) एवं 42% व्यवसाय विस्तार प्राप्त हुआ। रायपुर शहरी क्षेत्र में 65% UPI उपयोगिता दर के विरुद्ध ग्रामीण पट्टियों में 48% स्वीकार्यता दर्ज हुई। स्वयंसहायता समूह ग्रामीण रोजगार सृजन में 70.84% योगदान प्रदान कर रहे हैं।

राज्य महिला उद्यमिता नीति 2023-28 के तहत 50 लाख तक कोलैटरल मुक्त ऋण सुविधा एवं 30-55% पूँजीगत अनुदान उपलब्ध कराया गया। प्रमुख अवरोधक: डिजिटल प्रशिक्षण अभाव (55%), ग्रामीण 4G संपर्क विषमता (30%)। निष्कर्ष दर्शाते हैं कि प्रौद्योगिक हस्तक्षेप छत्तीसगढ़ को विकसित भारत@2047 का प्रतिरूप स्थापित करने में सक्षम बनाते हैं।

नीतिगत सुझाव: वार्षिक 1,000 बिहान दिदियों हेतु त्रैमासिक डिजिटल साक्षरता शिविर, ग्रामीण दूरसंचार अवसंरचना हेतु सब्सिडी, हकदारशक प्लेटफार्म का 33 जिलों में विस्तार। अनुसंधान परिणाम राष्ट्रीय प्रतिकृति हेतु उपयुक्त हैं।

मुख्य शब्द (Keywords): महिला उद्यमशीलता, डिजिटल वित्तीय सेवाएँ, बिहान दीदी, UPI स्वीकार्यता, एमएसएमई विकास, छत्तीसगढ़ आर्थिक मॉडल, विकसित भारत 2047

SOUVENIR

MLDC26083

स्मार्ट सिटी अवधारणा के अंतर्गत हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड द्वारा सामाजिक उद्यमिता के नवाचारी प्रयासों का अध्ययन (प्रोजेक्ट शक्ति)

सुषमा पटले
पीएच.डी. शोधार्थी
बिजनेस स्टडीज विभाग, मेट्स विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.), भारत

डॉ. प्रियंका बोस
सहायक प्राध्यापक एवं शोध मार्गदर्शक
बिजनेस स्टडीज विभाग, मेट्स विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.), भारत

सारांश (Abstract):-
स्मार्ट सिटी अवधारणा का उद्देश्य शहरी विकास के साथ-साथ सामाजिक समावेशन और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है इस संदर्भ में यह अध्ययन हिंदुस्तान युनिलीवर लिमिटेड द्वारा संचालित प्रोजेक्ट शक्ति के अंतर्गत किए गए सामाजिक उद्यमिता के नवाचारी प्रयासों का अध्ययन करता है। इस अध्ययन में द्वितीयक आंकड़ों, शोधलेखो, कंपनी रिपोर्ट्स का विश्लेषण किया गया है अध्ययन में वर्णनात्मक पद्धति का प्रयोग कर प्रोजेक्ट शक्ति की संरचना, कार्य प्रणाली और सामाजिक प्रभावों की विवेचना की गई है। यह अध्ययन विशेष रूप से प्रोजेक्ट शक्ति द्वारा महिला सशक्तिकरण आजीविका सृजन और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से स्मार्ट सिटी के सामाजिक आयाम को मजबूत करता है तथा ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्र की महिलाओं को सूक्ष्म उद्यमी के रूप में विकसित कर आर्थिक आत्मनिर्भर वह डिजिटल सहभागिता को बढ़ावा देता है साथ ही, इन महिलाओं द्वारा स्वच्छता उत्पादों स्वास्थ्य जागरूकता तथा दैनिक उपभोग वस्तुओं का वितरण कर स्मार्ट सिटी के सामाजिक एवं आर्थिक स्तंभों को सशक्त किया गया है।

अध्ययन का निष्कर्ष यह दर्शाता है कि प्रोजेक्ट शक्ति एक प्रभावी सामाजिक उद्यमिता मॉडल है जो स्मार्ट सिटी अवधारणा के अंतर्गत सामाजिक उद्यमिता तथा नवाचार के सतत् विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने में सिद्ध होता है।

मुख्य शब्द (Keywords):- उद्यमिता, अवधारणा, सामाजिक, नवाचार, ग्रामीण, आत्मनिर्भरता, वर्णनात्मक।

MLDC26084

विकसित भारत 2047 के निर्माण में कौशल विकास एवं शिक्षा की भूमिका: एक शोधात्मक अध्ययन

डॉ. किरण अग्रवाल
विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग,
महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय, रायपुर

सारांश (Abstract):-
विकसित भारत 2047 की परिकल्पना भारत को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक और तकनीकी रूप से एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय संकल्प है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में शिक्षा और कौशल विकास की भूमिका अत्यंत निर्णायक मानी जाती है। वर्तमान समय में वैश्विक प्रतिस्पर्धा, तकनीकी परिवर्तन और रोजगार की बदलती प्रकृति ने मानव संसाधन को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बना दिया है। केवल साक्षरता या डिग्री आधारित शिक्षा अब पर्याप्त नहीं रह गई है, बल्कि व्यावहारिक, तकनीकी और जीवनोपयोगी कौशलों का विकास भी आवश्यक हो गया है। यह शोध पत्र विकसित भारत 2047 के संदर्भ में शिक्षा और कौशल विकास के महत्व पर आधारित अध्ययन प्रस्तुत करता है। इसमें यह बताया गया है कि किस प्रकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यक्ति के ज्ञान, सोच और चरित्र का विकास करती है, वहीं कौशल विकास उसे रोजगार योग्य और आत्मनिर्भर बनाता है। शोध में नई शिक्षा नीति 2020, तकनीक आधारित शिक्षा, डिजिटल प्लेटफॉर्म तथा सरकारी कौशल विकास योजनाओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया है। इसके साथ ही, शोध पत्र में शिक्षा और कौशल विकास से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों—जैसे क्षेत्रीय असमानता, डिजिटल सुविधाओं की कमी, प्रशिक्षित शिक्षकों का अभाव और उद्योग-शिक्षा के बीच समन्वय की कमी—का भी विश्लेषण किया गया है। अंततः यह शोध इस निष्कर्ष पर पहुँचता है कि यदि शिक्षा को रोजगार से जोड़ा जाए, कौशल आधारित पाठ्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाए और तकनीक का प्रभावी उपयोग किया जाए, तो विकसित भारत 2047 का सपना साकार किया जा सकता है। यह अध्ययन नीति निर्माताओं, शिक्षकों और विद्यार्थियों—सभी के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

मुख्य शब्द (Keywords): विकसित भारत 2047, शिक्षा, कौशल विकास, तकनीक, रोजगार, मानव संसाधन

MLDC26085

कौशल विकास में योग की भूमिका

डॉ. लक्ष्मीकांत साहू
दर्शनशास्त्र विभाग
महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय, रायपुर

सारांश (Abstract):-
वर्तमान युग में कौशल विकास किसी भी व्यक्ति के व्यक्तिगत, सामाजिक एवं व्यावसयिक जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हो गया है। बदलती जीवनशैली, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और मानसिक तनाच के कारण युवाओं में कौशल विकास प्रभावित हो रहा है। योग एक प्राचीन भारतीय जीवन-पद्धति है, जो शरीर, मन और आत्मा के समन्वय पर आधारित है। यह शोध-पत्र कौशल विकास में योग की भूमिका का विश्लेषण करता है। अध्ययन से स्पष्ट होता है कि योग मानसिक एकाग्रता, आत्माविश्वास, तनाव प्रबंधन, निर्णय क्षमता तथा कार्यक्षमता को बढ़ाकर कौशल विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। योग को यदि शिक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ा जाए तो युवा वर्ग अधिक सक्षम और आत्मनिर्भर बन सकता है।

मुख्य शब्द (Keywords): योग,कौशल विकास,युवा,मानसिक स्वास्थ्य,आत्मनिर्भरता

SOUVENIR

MLDC26086

विकसित भारत में पत्रकारिता के आयाम

राम प्रसाद दुबे
सहायक प्राध्यापक, पत्रकारिता विभाग
महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय,रायपुर

सारांश (Abstract):-
अपने रोजमर्रा के जीवन के आमदिन की कल्पना कीजिए। दो लोग आसपास रहते है। और लगभग रोज मिलते है, कभी बाजार में, कभी राह चलते ओर कभी एक दूसरे के घर पर। भेंट से पहले के कुछ मिनट की उसकी बातचीत पर ध्यान दीजिए। हर दिन उनका पहला सवाल क्या होता है " क्या हालचाल है " या 'कैसे है'? या फिर क्या समाचार है। रोजमर्रा के इन सहज प्रश्नों में उपरी तौर पर कोई विशेष बात नहीं दिखाई देती। इन प्रश्नों को ध्यान से सुनिए और सोचिए। इसमें आपकों एक इच्छा दिखाई देगी। नया ताजा समाचार जानने की कहने की जरूरत नहीं है कि अपने आसपास की चीजों, घटनाओं और लोगो के बारे में ताजा जानकारी रखना मनुष्य का सहज स्वभाव है। उसमें जिज्ञासा का भाव प्रबल होता है। यहीं जिज्ञासा पत्रकारिता का मूल तत्व है। वहीं हम सूचनाएं या समाचार क्यों जानना चाहते है। दरअसल सूचनाएं अगला कदम तय करने में हमारी सहायता करती है। वहीं समाचार किसी भी ऐसी ताजा घटना विचार या समस्या की रिपोर्ट है जिसमें अधिक से अधिक लोगों की रूचि हो और जिसका अधिक से अधिक लोगो पर प्रभाव पड़ रहा हो।

SOUVENIR

MLDC26087

ई गवर्नेंस और डिजिटल सार्वजनिक सेवाएं

डॉ राकेश कुमार चंद्राकर
सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान,
महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय

सारांश (Abstract):-
21वीं सदी को डिजिटल युग कहा जाता है आज सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी ने मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित किया है शिक्षा स्वास्थ्य व्यापार और संचार के साथ-साथ शासन व्यवस्था भी डिजिटल परिवर्तन से अछूती नहीं रही है पारंपरिक शासन प्रणाली में कागजी कार्यवाही समय की बर्बादी भ्रष्टाचार और पारदर्शिता की कमी जैसी समस्याएं लंबे समय से बनी हुई थी इन्हीं समस्याओं के समाधान के रूप में ई गवर्नेंस की अवधारणा विकसित हुई है। गवर्नेंस का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं को सरल सुलभ और नागरिक अनुकूल बनाना है डिजिटल सार्वजनिक सेवाएं नागरिकों को घर बैठे सरकारी सुविधा उपलब्ध करा रही है जिस समय धन और श्रम की बचत होती है भारत जैसे विशाल और विविधता पूर्ण देश में हीई.गवर्नेंस का महत्व और भी बढ़ जाता है यह कहा जा सकता है कि ई गवर्नेंस डिजिटल की सहायता से मानवहस्ति की कला सृजन क्षमता को और भी विकसित किया है।क्षमता अंतर्निहित हो सकती है लेकिन यह हर संभव काम में इंसान की सहायता कर रही है सरकार की डिजिटल सेवाओं से तकनीकी रूप से मानव जाति के हर कम में सहायक सिद्ध हो रही है जिससे सरकार सार्वजनिक सेवाओं को जन-जन तक पहुंचने में अपने आप को सक्षम अनुभव कर रही है।

SOUVENIR

MLDC26088

कृत्रिम बुद्धिमता और कौशल विकास विकसित भारत के महत्वपूर्ण आयाम

डॉ.किरण तिवारी
सहायक प्राध्यापक, हिन्दी विभाग
महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय रायपुर.

सारांश (Abstract):-
शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमता और शैक्षिक प्रौद्योगिकी का समाकलन एवं कौशल विकास एक महत्वपूर्ण बदलाव ला रहा है। पारंपरिक शिक्षक तरीको की तुलना में कृत्रिम बुद्धिमता एवं शैक्षिक प्रौद्योगिकी का मंच व्यक्तिगत शिक्षण, स्वचालित मूल्यांकन और वास्तविक समय में प्रतिक्रिया प्रदान करने की क्षमता रखते है। जो शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाते है। इस शोध का उद्धेश्य कृत्रिम बुद्धिमता तथा शैक्षिक प्रोघौगिकी के समाकलन तथा कौशल विकास के प्रभावों और लाभों और उससे जुड़ी चुनौतियों का विश्लेषण करना है। साथ ही यह अध्ययन तकनीकी, शैक्षिक, नैतिक पहलुओं पर प्रकाश डालता है। जिसमें डेटा की गोपनीयता और शिक्षकों की भूमिका इत्यादि महत्वपूर्ण है। परिणाम स्वरूप यह शोध कृत्रिम बुद्धिमता और शैक्षिक प्रौघोगिकी तथा कौशल विकास के समाकलन के लिए आवश्यक रणनीतियों सुधारो की और पहचान करता है। जिससे शिक्षा प्रणाली अधिक समावेशी,प्रभावशली और भविश्योंमुखी बनाया जा सके। उसे कौशल विकास से जोड़ा जा सके तथा विकसित भारत की कल्पना साकार हो सके।

मुख्य शब्द (Keywords):कृत्रिम बुद्धिमता, शैक्षिक प्रौघौगिकी, शिक्षा तकनीक, डेटा गोपनीयता उच्चशिक्षा नैतिकता, शैक्षिक नवाचार तथा कौशल विकास

SOUVENIR

MLDC26089

निरंतरता का एक लक्ष्य: विकसित भारत @ 2047

डॉ. युलेंद्र कुमार राजपूत (शोध-निर्देशक)
अग्रसेन महाविद्यालय, पुरानी बस्ती, रायपुर

एकता ठाकुर (शोधार्थी)
अग्रसेन महाविद्यालय, पुरानी बस्ती, रायपुर

सारांश (Abstract):-
स्वतंत्र भारत के 100 वर्ष पूर्ण होने से पूर्व उसे विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जो कि निरंतर प्रगति और देश के हर वर्ग के नागरिकों के समृद्धि से संभव है। प्रस्तुत शोध पत्र भारत को विकसित बनाने के लक्ष्य हेतु किए जा रहे प्रयासों के अध्ययन तथा आवश्यक सुझावों के संदर्भ में है। इसमें द्वितीयक समंकों से प्राप्त जानकारियों को सम्मिलित करते हुए शिक्षा, कृषि, रोजगार, नवाचार तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों का उल्लेख किया गया है। जब किसी कार्य को निरंतर किया जाता है तो उसमें विशिष्टता और स्थिरता दोनों विकसित होती है, साथ ही मार्ग में आने वाली बाधाओं और हमारी कमजोरियों का ज्ञान भी होता है, जिसमें समय रहते सुधार कर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। विकसित भारत के लक्ष्य हेतु आर्थिक विकास, सामाजिक समरसता, पर्यावरणीय सजगता, कानूनी उत्तरदायित्व, तकनीकी समझ आदि क्षेत्रों में गति और सुधार देखने को मिल रहे हैं, इन्हीं विचारों का समावेष कर महिलाओं की शिक्षा एवं सुरक्षा, डिजिटल तकनीकों के उचित प्रयोग, मानव रचनाधर्मिता के विकास तथा भारतीय वस्तुओं को प्राथमिकता देने हेतु कुछ आवश्यक सुझाव जो भारत को विकसित बनाने के मार्ग में सहायक सिद्ध हो सकते हैं, को शोध पत्र के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

मुख्य शब्द (Keywords): विकसित भारत / 2047, निरंतरता, विकसित भारत के लक्ष्य हेतु प्रयास, रोजगार एवं नवाचार, आत्मनिर्भर राष्ट्र

SOUVENIR

MLDC26090

विकसित भारत 2047: आर्थिक विकास और सतत विकास के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना
फिनटेक और वित्तीय समावेशन

संगीता सेन
शोधार्थी, मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर, छत्तीसगढ़

डॉ.कमलजीत कौर
सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य), मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर, छत्तीसगढ़

सारांश (Abstract):-
वित्तीय समावेशन का तात्पर्य समाज के प्रत्येक वर्ग को बैंकिंग, बचत, ऋण, बीमा और भुगतान जैसी बुनियादी वित्तीय सेवाओं तक समान और सुलभ पहुँच प्रदान करना है। विकासशील देशों में गरीबी, अशिक्षा, भौगोलिक दूरी और उच्च लेन-देन लागत के कारण बड़ी जनसंख्या अब भी औपचारिक वित्तीय प्रणाली से बाहर है। फिनटेक ने पारंपरिक बैंकिंग व्यवस्था को चुनौती देते हुए डिजिटल माध्यमों से वित्तीय सेवाओं को अधिक समावेशी बनाया है। स्मार्टफोन और इंटरनेट के बढ़ते उपयोग ने फिनटेक को वित्तीय समावेशन का एक सशक्त माध्यम बना दिया है।

SOUVENIR

MLDC26091

कृषि एवं खाद्य सुरक्षा : चुनौतियाँ, अवसर एवं सतत समाधान

मोहन पटेल
सहायक प्राध्यापक, महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय, रायपुर

सारांश (Abstract):-
कृषि एवं खाद्य सुरक्षा किसी भी देश की सामाजिक-आर्थिक स्थिरता, जनस्वास्थ्य तथा राष्ट्रीय विकास का आधार होती है। भारत जैसे विकासशील देश में जहाँ जनसंख्या का बड़ा भाग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है, वहाँ खाद्य सुरक्षा का प्रश्न अत्यंत संवेदनशील एवं बहुआयामी है। खाद्य सुरक्षा का तात्पर्य केवल पर्याप्त भोजन की उपलब्धता से नहीं है, बल्कि सभी लोगों को हर समय सुरक्षित, पौष्टिक एवं सांस्कृतिक रूप से स्वीकार्य भोजन की भौतिक, आर्थिक एवं सामाजिक पहुँच से है। यह शोध पत्र कृषि उत्पादन, वितरण प्रणाली, जलवायु परिवर्तन, तकनीकी नवाचार, सरकारी नीतियों एवं सामाजिक-आर्थिक कारकों के संदर्भ में खाद्य सुरक्षा की स्थिति का विश्लेषण करता है। साथ ही, यह अध्ययन भारत में खाद्य सुरक्षा की प्रमुख चुनौतियों, अवसरों तथा सतत कृषि आधारित समाधानों पर प्रकाश डालता है। शोध का निष्कर्ष यह इंगित करता है कि समग्र एवं समन्वित कृषि नीति, तकनीकी हस्तक्षेप, किसानों की आय में वृद्धि तथा पोषण-केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से ही दीर्घकालिक खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

मुख्य शब्द (Keywords): कृषि, खाद्य सुरक्षा, सतत विकास, जलवायु परिवर्तन, पोषण, नीति

SOUVENIR

MLDC26092

विकसित भारत 2047 हेतु औद्योगिक 4.0 एवं विनिर्माण में प्रौद्योगिकी की भूमिका का अध्ययन

मानवी शर्मा
शोधार्थी, मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर, छत्तीसगढ़

डॉ. संपदा भावे
सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य), मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर, छत्तीसगढ़

सारांश (Abstract):-
भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की राष्ट्रीय परिकल्पना में आर्थिक विकास के साथ-साथ सतत् विकास को समान रूप से प्राथमिकता दी गई है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में प्रौद्योगिकी की भूमिका अत्यंत निर्णायक है, विशेषतः इंडस्ट्री 4.0 के माध्यम से विनिर्माण क्षेत्र में हो रहे संरचनात्मक परिवर्तन के संदर्भ में। औद्योगिक 4.0 में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बिग डेटा विश्लेषण, रोबोटिक्स, क्लाउड कंप्यूटिंग एवं साइबर-भौतिक प्रणालियों जैसी उन्नत तकनीकों का समावेश है, जो पारंपरिक विनिर्माण प्रणालियों को स्मार्ट और दक्ष उत्पादन प्रणालियों में परिवर्तित कर रही हैं। यह शोध-पत्र इंडस्ट्री 4.0 और विनिर्माण क्षेत्र के अंतर्संबंध का विश्लेषण करते हुए यह स्पष्ट करता है कि किस प्रकार डिजिटल नवाचार उत्पादन लागत में कमी, उत्पाद गुणवत्ता में सुधार, संसाधनों के कुशल उपयोग तथा ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देकर आर्थिक एवं पर्यावरणीय संतुलन स्थापित करने में सहायक सिद्ध हो रहा है। अध्ययन में यह भी दर्शाया गया है कि स्मार्ट विनिर्माण और डिजिटल आपूर्ति शृंखला न केवल औद्योगिक उत्पादकता को सुदृढ़ करती हैं, बल्कि रोजगार के नवीन अवसरों का सृजन कर समावेशी विकास को भी प्रोत्साहित करती हैं। साथ ही, शोध में भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में इंडस्ट्री 4.0 के क्रियान्वयन से संबंधित प्रमुख चुनौतियों-जैसे तकनीकी कौशल की कमी, पूंजी निवेश की आवश्यकता, डिजिटल अवसंरचना का अभाव तथा साइबर सुरक्षा जोखिमका विवेचन किया गया है। निष्कर्षतः, यह अध्ययन प्रतिपादित करता है कि प्रभावी नीतिगत समर्थन, कौशल उन्नयन एवं तकनीकी नवाचार के माध्यम से इंडस्ट्री 4.0 भारत को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर अग्रसर करने में एक सशक्त माध्यम सिद्ध हो सकता है।

मुख्य शब्द (Keywords): विकसित भारत, प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, विनिर्माण, समावेशी विकास

SOUVENIR

MLDC26093

भारत में डिजिटल भुगतान प्रणाली का विकास व आर्थिक सशक्तिकरण में इसकी भूमिका

महिमा जोबनपुत्रा
शोधार्थी, शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव

डॉ. ए. एन. माखीजा
शोध निर्देशक, प्राध्यापक, शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, राजनांदगांव

सारांश (Abstract):-
पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल भुगतान में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है विशेषकर 2020 के पश्चात। इससे केवल व्यापारिक प्रक्रिया सरल नहीं हुई अपितु भारत आर्थिक सशक्तिकरण और समावेशी विकास की ओर भी बढ़ रहा है। इस शोध पत्र का उद्देश्य विभिन्न डिजिटल माध्यमों का अध्ययन कर आर्थिक सशक्तिकरण में उनकी भूमिका का विश्लेषण करना है। यह अध्ययन पूर्णत: द्वितीय क समंको पर आधारित है, समंको को आरबीआई, एनपीसीआई, भारत सरकार के विभिन्न प्रतिवेदनों से एकत्रित किया गया है । शोध से यह ज्ञात हो रहा है कि डिजिटल भुगतान से व्यापारिक प्रक्रिया सरल एवं पारदर्शी हुई है और साथ ही उपभोक्ता, छोटे व्यापारी, एमएसएमई व्यापारियों के कार्य भी सहज हो गए हैं हालांकि साइबर सुरक्षा जोखिम ,डिजिटल साक्षरता की कमी अभी भी चिंता का विषय है, परंतु इस समस्या पर एनपीसीआई व सरकार द्वारा जागरुकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं । निष्कर्ष में यह कह सकते हैं कि डिजिटल भुगतान प्रणाली विकसित भारत 2047 के लक्ष्य तक पहुंचने और भारत को आत्मनिर्भर व सशक्त अर्थव्यवस्था बनने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है ।

मुख्य शब्द (Keywords): डिजिटल भुगतान प्रणाली, आर्थिक सशक्तिकरण,आर बीआई,एन पी सी आई

SOUVENIR

MLDC26094

कृषि और खाद्य सुरक्षा

डॉ. दिव्या शुक्ला
सहायक प्राध्यापक
दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

सारांश (Abstract):-
कृषि और खाद्य सुरक्षा के बिना राज्य के विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। कृषि और खाद्य सुरक्षा आपस में घनिष्ठता के साथ जुड़े हुए है, जहाँ कृषि भोजन उत्पादन का आधार है, वही खाद्य सुरक्षा यह सुनिश्चित करती है कि सभी लोगों को हर समय पर्याप्त सुरक्षित और पौष्टिक भोजन मिलें । जलवायु में परिवर्तन बढ़ती माँग और खराब प्रबंधन आदि जैसी चुनौतियाँ दोनों को प्रभावित करती है जिससे खाद्य असुरक्षा बढ़ती है, लेकिन सतत् कृषि पद्धतियाँ और सरकारी मिशन (जैसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन) इन समस्याओं को कम करने और खाद्य उपलब्धता व पोषण में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है। कृषि की भुमिका जहाँ भोजन के स्त्रोत्, आर्थिक आधार एवं पोषक तत्वों का उत्पादन करने में है वहीं खाद्य सुरक्षा के (4) चार मुख्य पहलू उपलब्धता, पहुँच, उपयोग एवं स्थिरता में है। इन दोनों के लिये ही जलवायु परिवर्तन, संसाधन प्रबंधन, जनसंख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि, संघर्ष और असमानता महत्वपूर्ण चुनौतियाँ है जिनका सामना करने के लिये सतत् कृषि तकनीकें, खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यक्रम, आपूर्ति श्रृखंला में सुधार, पोषण पर ध्यान केन्द्र, सुरक्षा जाल का बेहतर प्रबंधन ताकि कमजोर वर्ग के लोगों को पर्याप्त भोजन व धन आसानी से उपलब्ध हो सकें।

मुख्य शब्द (Keywords): कृषि, खाद्य, जलवायु, सुरक्षा, तकनीकी जनसंख्या, पर्यावरण, सतत् विकास, आर्थिक विकास, पोषक तत्व, सरकारी मिशन, सुरक्षा-जाल, किसान, प्रौद्योगिकी, कीटनाशक।

SOUVENIR

MLDC26095

पर्यटन संस्कृति और विरासत

श्रीमती कुसुम राठौर,
सहायक प्राध्यापक, शिक्षा विभाग
दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

सारांश (Abstract):-
संस्कृति मानव का आईना होता है आज पर्यटन वि-रु39 यव अर्थव्यवस्था और सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण केंद्र बना हुआ है इसमें सांस्कृतिक विरासत की महत्वपूर्ण भूमिका है। किसी भी दे-रु39या की सांस्कृतिक विरासत दुनिया भर से अधिक पर्यटकों को आकि्नवजर्यात कर सकती है और दे-रु39 या में पर्यटन विकास के लिए प्रेरक बन सकती है पर्यटन विविध प्रकार के प्राकृतिक सांस्कृतिक ऐतिहासिक व धार्मिक तत्व तथा आधारभूत सुविधाओं यातायात आवासीय सुविधाओं ि–रु39 याक्षा स्वास्थ्य बैंकिंग सुरक्षा आदि का मिश्रित अद्-रु39 यय उद्योग है पर्यटन वर्तमान में वि-रु39यव को सबसे तेजी से विकसित करने वाला संसाधन है।

संक्षेप में संस्कृति और विरासत पर्यटन का आधार है और पर्यटन संस्कृति और विरासत को जिंदा रखना और उन्हें वै-रु39यवक मंच में प्रस्तुत करने का एक -रु39याक्ति-रु39याली माध्यम है।

SOUVENIR

MLDC26096

ई-गवर्नेंस और डिजिटल सार्वजनिक सेवाएं

डॉ. संगीता घई
प्राचार्य
श्रीमती पी. जी. डागा कन्या महाविद्यालय
रायपुर, छ.ग.

सारांश (Abstract):-
वर्तमान युग में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी ;ICT न केवल प्रशासनिक कार्यो को सरल बनाती है, बल्कि यह सरकार और नागरिको के बीच की दुरी को कम करने का एक सशक्त माध्यम है। वर्तमान में शासन का अर्थ केवल नीति निर्धारण नहीं, बल्कि सेवाओं का कुशल और त्वरित वितरण है। सेवा वितरण का लोकतंत्रीकरण कर बिचौलियों की भुमिका को समाप्त कर सरकारी सेवाओं को सीधे आम जनता के हाथ में पहुंचाया जा रहा है। डिजिटल इंडिया अभियान के अंतर्गत अनेक आधार जैसे, डिजिलॉकर, उमंग ऐप, भारत नेट ऑनलाईन कर भुगतान ई-हास्पिटल, ई-कोर्टस, ई-पंचायत ने प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल और समयबद्ध बनाया है। इन सेवाओं के माध्यम से न केवल समय और लागत की बचत हुई है, बल्कि भ्रष्टाचार में कमी और सेवा वितरण की गुणवत्ता में सुधार भी हुआ है। डिजिटल सार्वजनिक सेवाएं विशेष रूप से ग्रामीण एवं दुरस्त क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के लिए लाभकारी सिद्ध हुये हैं जहां भौतिक पहुंच की सीमाएं पहले एक बड़ी समस्या थी।
ई गवर्नेस के प्रभावी क्रियान्वयन में कुछ चुनौतियां भी विद्यमान है जैसे- डिजिटल साक्षरता की कमी, साइबर सुरक्षा संबंधी जोखिम, तकनीकी डेटा गोपनीयता से जुड़े मुद्दे। इन चुनौतियों को समाधान हेतू सरकार को समावेशी नीतियां सुदृढ साइबर सुरक्षा ढांचा और व्यापक डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम पर ध्यान देना आवश्यक है। अतः ई गवर्नेस और डिजिटल सेवाएं सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यदि इन्हे समुचित योजना प्रशिक्षण और तकनीकि समर्थन के साथ लागू किया जाए तो यह न केवल प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाएगी बल्कि लोकतंत्र को अधिक सहभागी और सशक्त भी बनाएंगी।

मुख्य शब्द (Keywords): दुग्ध उत्पादन, छत्तीसगढ़, विकसित भारत 2047, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, सहकारी मॉडल, गोधन न्याय योजना, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता

SOUVENIR

MLDC26097

आर्थिक विकास में मानव संसाधन प्रबंध की भूमिका

डॉ० गिरजा शंकर गुप्ता
सहायक प्राध्यापक स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग
दुर्गा महाविद्यालय रायपुर [(छ.ग.]

सारांश (Abstract):-
किसी भी संगठन के लिए मानव संसाधन प्रबंधन महत्वपूर्ण है जो कि संगठन के सिद्धान्तों को बनाये रखे और दुविधाओ विवादों और संघर्षों के बिना विकास के वाछित उद्देश्य पूरा कर सके। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में यदि कोई देश समाज संस्था व उद्योग नयी तकनीकों को नहीं अपनायेगा तो वह इस दौर में पिछड़ जायेगा। अतः यह आवश्यक है कि श्रमिकों कर्मचारियों एवं अधिकारियों सहित समाज के प्रत्येक क्षेत्र में सभी लोग विकास के लिए प्रयत्न करें। विवेकानंद जी ने कहा है कि भारत में जो व्यक्ति निम्न स्तर का जीवन व्यतीत कर रहा है इसका कारण है अशिक्षा जिससे उनमें स्वयं के विकास की कोई इच्छा हीं नहीं रह जाती है। अतः भारत के नव निर्माण हेतु हमें शिक्षा के क्षेत्र में एवं बहुआयामी क्षमता जैसे तकनीकी शिक्षा गृह उद्योग प्रबंध कम्प्यूटर शिक्षा आदि से लोगों को परिचित कराना चाहिए। हमें शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से विकास करना होगा क्योंकि आज भी देश में लगभग 24 प्रतिशत पुरुष तथा 46 प्रतिशत महिलायें अशिक्षित हैं। जब तक शत प्रतिशत साक्षरता नहीं होगा सर्वांगिण विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। अतः मानव संसाधन पूरी दक्षता के साथ कार्य तभी कर पायेगा जब सभी को उचित वपर्याप्त शिक्षा मिले।

मानव संसाधन प्रबंधन किसी संगठन की संपत्ति होती है अर्थात उसका कार्यबल या कर्मचारियों के प्रबंधन में एक व्यवस्थित रणनीतिक दृष्टिकोण है। यह एक बहुआयामी प्रणाली है। इसका उद्देश्य सगठन में कर्मचारियों के कामकाज को सुव्यवस्थित करना और एक स्वस्थ कार्य सस्कृति को बनाये रखना है। यह सगठन का एक आवश्यक विभाग है जिसे मानव संसाधन प्रबंधकों द्वारा उत्साही मानव संसाधन पेशेवरों की एक जीवत टीम के सहयोग से संचालित किया जाता है। मानव संसाधन प्रबंध से तात्पर्य है किसी राष्ट्र की समस्त जनसंख्य के सभी गुणों एवं सपूर्ण क्षमता का विकास कर उसे राष्ट्र के हित के लिए उपयोग करना। जिस प्रकार किसी राष्ट्र में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर उसके सर्वश्रेष्ठ रूप का उपयोग किया जाता है उसी प्रकार राष्ट्र की सपूर्ण जनशक्ति की क्षमता में विकास कर इसका उपयोग राष्ट्र की उन्नति के लिए किया जा सकता है। किसी राष्ट्र का निर्माण तब तक संभव नहीं है जब तक की उसमें रहने वाले लोगों का चहुमुखी विकास नहीं होता। प्रबंध निरंतर चलनी वाली प्रक्रिया है जो समय के मांग के अनुसार परिवर्तित होता है। नये विचारों नई तकनीकों नई विचार धाराओं नये चिन्तन एवं नये प्रारूपों के साथ। प्रबंध की कार्य प्रणालियों में तेजी से परिवर्तन आ रहे हैं। प्रबंध के क्षेत्र में अनेक नवीन प्रवृत्तियां जन्म ले रही है। नई चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं तथा नये सामाजिक एवं नीतिगत मूल्यों का उदय हो रहा है। इस नये उत्तर दायित्वों एवं चुनौतियों से प्रबंध की भूमिका अत्यन्त गतिशील तथा सम्बन्ध अति 'सहवीजी' हो गये हैं। मानव की प्रकृति गतिशील होने के कारण मानव का प्रबंध करना हमेशा से ही चुनौतीपूर्ण रहा है। क्योंकि संसार में कोई भी दो व्यक्ति ऐसे नहीं है जो योग्यता क्षमता, भावनाओं तथा व्यवहार आदि में एक समान हो। ऐसी परिस्थिति उन्हें मशीन की भांति प्रयोग में नहीं लाया जा सकता। अतः उनके साथ व्यवहार करने और उनका प्रबंध करने में बहुत ही सावधानी बरतने की आवश्यकता है जो कि मानव संसाधन प्रबंध के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य है।

SOUVENIR

MLDC26098

विकसित भारत @ 2047 : फल एवं फूल व्यवसाय के माध्यम से समावेशी आर्थिक विकास

ललित मोहन वर्मा
सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य)
महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय, रायपुर (छ. ग.)

सारांश (Abstract):-

प्रस्तुत शोधपत्र विकसित भारत @ 2047 की राष्ट्रीय परिकल्पना के संदर्भ में फल एवं फूल व्यवसाय (बागवानी एवं फ्लोरीकल्चर) की भूमिका का बहुआयामी विश्लेषण करता है। भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहाँ कृषि आजीविका का प्रमुख साधन रही है; किंतु पारंपरिक अनाज-आधारित कृषि की सीमाओं को देखते हुए उच्च मूल्यवर्धित कृषि क्षेत्रों की ओर संक्रमण आवश्यक हो गया है। इस परिप्रेक्ष्य में फल एवं फूल व्यवसाय न केवल किसानों की आय में वृद्धि का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है, बल्कि रोजगार सृजन, निर्यात संवर्धन तथा समावेशी आर्थिक विकास की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हो रहा है।

शोधपत्र का मुख्य उद्देश्य यह स्पष्ट करना है कि किस प्रकार फल एवं फूल व्यवसाय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ महिला, युवा एवं सीमांत किसानों को आर्थिक विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक हो सकता है। अध्ययन में यह प्रतिपादित किया गया है कि बागवानी फसलों का उत्पादन पारंपरिक कृषि की तुलना में कम भूमि पर अधिक आय प्रदान करता है, जिससे छोटे एवं सीमांत किसानों को विशेष लाभ प्राप्त होता है। साथ ही, फ्लोरीकल्चर उद्योग श्रम-प्रधान होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करता है, जो समावेशी विकास का आधार बनता है।

शोध में यह भी रेखांकित किया गया है कि फल एवं फूल व्यवसाय का विस्तार केवल उत्पादन तक सीमित न होकर मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, कोल्ड-चेन, परिवहन तथा विपणन जैसी गतिविधियों के माध्यम से एक संपूर्ण कृषि-व्यवसाय पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करता है। यह पारिस्थितिकी तंत्र ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है तथा आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को सुदृढ़ आधार प्रदान करता है। डिजिटल प्लेटफॉर्म, ई–नाम, ऑनलाइन मार्केटिंग और आधुनिक आपूर्ति शृंखला प्रणालियाँ फल एवं फूल व्यवसाय को अधिक लाभकारी एवं पारदर्शी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

इसके अतिरिक्त, शोधपत्र में सतत विकास के संदर्भ में फल एवं फूल व्यवसाय की प्रासंगिकता पर भी प्रकाश डाला गया है। जैविक खेती, जल-संरक्षण तकनीक, पर्यावरण-अनुकूल उत्पादन पद्धतियाँ तथा हरित रोजगार के अवसर इस क्षेत्र को पर्यावरणीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बनाते हैं। फल एवं फूल उत्पादन न केवल पोषण सुरक्षा एवं जीवन-स्तर में सुधार करता है, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होता है।

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि विकसित भारत @2047 के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु फल एवं फूल व्यवसाय को नीति-स्तर पर विशेष प्राथमिकता प्रदान की जानी चाहिए। उचित सरकारी समर्थन, तकनीकी नवाचार, कौशल विकास, वित्तीय समावेशन एवं बाजार तक पहुँच सुनिश्चित कर इस क्षेत्र को समावेशी आर्थिक विकास का सशक्त माध्यम बनाया जा सकता है। इस प्रकार, फल एवं फूल व्यवसाय विकसित भारत की यात्रा में ग्रामीण समृद्धि, सामाजिक समावेशन और सतत आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ सिद्ध हो सकता है।

MLDC26099

विकसित भारत 2047 की दिशा में डिजिटल पत्रकारिता की भूमिका

श्रीमति गीता शर्मा
सहायक प्राध्यापक ,पत्रकारिता विभाग
महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय रायपुर

सारांश (Abstract):-
भारत सरकार ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए समाज के हर क्षेत्र में जागरूकता, भागीदारी और पारदर्शिता जरूरी है। डिजिटल पत्रकारिता आज सूचना का सबसे तेज़ और प्रभावशाली माध्यम बन चुकी है। यह शोध-पत्र विकसित भारत 2047 के संदर्भ में डिजिटल पत्रकारिता की भूमिका का अध्ययन करता है। इसमें यह बताया गया है कि डिजिटल मीडिया किस प्रकार लोगों तक सरकारी योजनाओं, सामाजिक मुद्दों और विकास से जुड़ी जानकारियाँ पहुँचा रहा है। शोध में डिजिटल पत्रकारिता की वर्तमान स्थिति, उसके सकारात्मक प्रभाव और उससे जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई है। अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि यदि डिजिटल पत्रकारिता को जिम्मेदारी और नैतिकता के साथ अपनाया जाए, तो यह भारत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।

मुख्य शब्द (Keywords): डिजिटल पत्रकारिता, विकसित भारत 2047, मीडिया, सूचना तकनीक, सामाजिक विकास

SOUVENIR

MLDC26100

ई-शासन और डिजिटल सार्वजनिक सेवाएँ

सुश्री माया निर्मलकर
शोधार्थी
सेठ आर.सी.एस. आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज, दुर्ग (सी.जी.)

सारांश (Abstract):-
भारत में ई-शासन सुशासन का पर्याय बनता जा रहा है। केन्द्र व राज्य सरकारो के विभिन्न विभाग नागरिको, व्यापारियों तथा सरकारी संगठनों को ही नही अपितु समाज के हर वर्ग को सूचना व प्रौद्योगिकी की सहायता से विभिन्न सेवायें प्रदान कर रहे है। भारत में ई-शासन का प्रादुर्भाव शासकीय विभागों के तेजी से कप्यूटरीकरण से आरंभ हुआ।अब यह उस बिन्दु तक पहुँच चुका है, जिससे शासन के सूक्ष्मतर बिंदुओं जैसे नागरिक केंद्रित, संवा अभिमुखीकरण तथा पारदर्शिता से बढ़ावा मिल रहा है। वर्तमान सूचना प्रौद्योगिकी का युग है।और इसका प्रमाण है ई-शासन की अवधारणा। संपूण भारत में आज शायद ही कोई ऐसी जगह हो, ई-शासन पहल न की हो। सूचना तकनीकी युग ने ज्ञान पर आधारित पहल के जो द्वार खोले है, उसका एक उत्साहजनक परिणाम ई- शासन की अवधारणा के रूप में उभरकर सामने आया है।सरकार की आम जनता के लिए उपलब्ध सुविधाओं को इलेक्ट्रानिक माध्यम जैसे - कंप्यूटर, इंटरनेट,मोबाईल आदि से उपलब्ध कराना ई-शासन कहलाता है। इसे अंतर्गत शासकीय सेवायें व सूचनाएं ऑनलाइन उपलब्ध होती है। भारत सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक विभाग की स्थापना सन् 1970 में की तथा सन् 1977 में नेशनल इनफॉमैटिक्स सेंटर की स्थापना ई-शासन की दिशा में प्रथम प्रयास था।

SOUVENIR

MLDC26101

विकसित भारत में पत्रकारिता के नए आयाम

डॉ. लोकेश्वर प्रसाद सिन्हा,
सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग
दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

सारांश (Abstract):-
विकसित भारत में पत्रकारिता के नए आयामों में डिजिटल क्रांति, AI और डेटा का उपयोग, नागरिक पत्रकारिता, पॉडकास्टिंग, और व्याख्यात्मक पत्रकारिता शामिल हैं, जो तकनीक और बदलती उपभोक्ता ज़रूरतों से प्रेरित हैं, जहाँ अब सिर्फ़ समाचार नहीं, बल्कि गहरी विश्लेषण, इंटरैक्टिव कहानियाँ और बहुआयामी आवाज़ों को मंच मिलता है, हालांकि बाजारवाद और विश्वसनीयता बनाए रखने की चुनौती भी है।

पत्रकारिता के नए आयाम (New Dimension of Journalism): डिजिटल और सोशल मीडिया का प्रभुत्वः-युवा पीढ़ी के लिए प्राथमिक समाचार स्रोत अब ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया हैं, जिससे प्रिंट मीडिया के सामने चुनौती है। तेज़ प्रतिपुष्टि (feedback) और वैश्विक पहुंच (Global village) की अवधारणा ने पत्रकारिता को नया रूप दिया है।

तकनीकी एकीकरण(Technical Integration) : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस AI समाचार लेखन, सामग्री सिफ़ारिश (content recommendation) और तथ्य-जाँच (fact-cheking)में AI का उपयोग बढ़ रहा है।

डेटा जर्नलिज्मः डेटा विश्लेषण से साक्ष्य.आधारित रिपोर्टिंग और खोजी पत्रकारिता मज़बूत हुई है, जिससे विश्वसनीयता बढ़ी है।

पॉडकास्टिंगः यह गहन रिपोर्टिंग और विविध आवाज़ों को उभारने का एक नया और प्रभावी माध्यम बन गया है, जो भविष्य को आकार दे रहा है।

व्याख्यात्मक पत्रकारिता (Explanatory Journalism): सिर्फ़ घटनाओं की रिपोर्टिंग नहीं, बल्कि उनकी पृष्ठभूमि और परिणामों का विश्लेषण करना।

सहयोगी और भागीदारी पत्रकारिता (Collaborative & Participatory Journalism): इसमें नागरिक भी सक्रिय रूप से भाग लेते हैं, जिससे पारंपरिक गेटकीपिंग (gatekeeping) की भूमिका बदल रही है।

व्यावसायिक चुनौतियाँ और स्थिरता (Business Challenges & Sustainability): मीडिया का बाज़ार.उन्मुख होना और सामाजिक सरोकारों की खबरों की कमी एक चुनौती है।

डिजिटल सब्सक्रिप्शन, क्राउडफंडिंग जैसे नए मॉडल गुणवत्तापूर्ण पत्रकारिता और संपादकीय स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

नागरिक.केंद्रित पत्रकारिता (Citizen – Centric Journalism) : मीडिया साक्षरता (Media literacy) अब ज़रूरी है, ताकि नागरिक विश्वसनीय स्रोतों को पहचान सकें और लोकतांत्रिक चर्चा में भाग ले सकें।

स्थानीयकृत और खंडित समाचार कवरेज के बीच भी विश्वसनीयता और प्रभाव बनाए रखना एक बड़ी चुनौती है।

संक्षेप में, विकसित भारत में पत्रकारिता तकनीक, डेटा और जन.भागीदारी के साथ विकसित हो रही है, जहाँ अब रिपोर्टिंग सिर्फ़ सूचना देना नहीं, बल्कि विश्लेषण करना, संलग्न करना और समाज को सशक्त बनाना भी है, लेकिन इन सभी के बीच सत्यनिष्ठा और गुणवत्ता को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

SOUVENIR

MLDC26102

स्मार्ट सिटी और शहरी विकास

नीलू शुक्ला
सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान)
श्रीमती पी. जी. डागा कन्या महाविद्यालय कचहरी चौक रायपुर छत्तीसगढ़

सारांश (Abstract):-
भारत में शहरीकरण की गति अत्यंत तीव्र हो चुकी है। ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन के कारण नगरों की जनसंख्या में वृद्धि हुई है, जिससे बुनियादी सेवाओं, आवास, परिवहन, जल आपूर्ति, स्वच्छता, ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण जैसी आवश्यकताओं पर भारी दबाव पड़ा है। इस संदर्भ में भारत सरकार ने 2015 में स्मार्ट सिटी मिशन की शुरुआत की। स्मार्ट सिटी की अवधारणा तकनीक-आधारित, नागरिक-केंद्रित और सतत विकास पर आधारित है, जिसका उद्देश्य शहरी जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना, प्रशासनिक दक्षता बढ़ाना और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना है।

इस शोध पत्र में स्मार्ट सिटी और शहरी विकास के विभिन्न आयामों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। इसमें शामिल हैं: स्मार्ट सिटी की अवधारणा, शहरी विकास की परिभाषा, भारत में स्मार्ट सिटी मिशन की प्रगति, स्मार्ट सिटी और शहरी विकास से जनता को होने वाले लाभ और नुकसान, प्रशासनिक सुधार, ई-गवर्नेंस, परियोजनाओं की चुनौतियाँ, सुझाए गए उपाय और रायपुर (छत्तीसगढ़) आधारित उदाहरण।

स्मार्ट सिटी और शहरी विकास के माध्यम से नगरों में अवसंरचना और डिजिटल सेवाओं का सुधार हुआ है। नागरिकों को बेहतर जल आपूर्ति, स्वच्छता, ट्रैफिक प्रबंधन, डिजिटल भुगतान, ई-म्युनिसिपल सेवाएँ और स्मार्ट पार्किंग जैसी सुविधाएँ मिली हैं। इसके अतिरिक्त, रोजगार के नए अवसर, पर्यावरणीय सुरक्षा और नागरिक सहभागिता को बढ़ावा मिला है। डिजिटल प्लेटफॉर्म और ई-गवर्नेंस ने प्रशासनिक पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को सुदृढ़ किया है। रायपुर स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के माध्यम से इन लाभों का प्रत्यक्ष अनुभव हुआ है।

इस प्रकार, स्मार्ट सिटी और शहरी विकास न केवल नगरों के शारीरिक ढाँचे को सुधारने का माध्यम हैं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय दृष्टि से सतत शहरी भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। यह पहल भविष्य के शहरीकरण को व्यवस्थित, टिकाऊ और समावेशी बनाने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभा सकती है।

SOUVENIR

MLDC26103

विकसित भारत अर्थव्यवस्था में ग्रामीण उद्यमी महिलाओं की सहभागिता: एक दृश्टिकोण

डॉ. मनोज कुमार शर्मा[1]
सहायक प्राध्यापक , वाणिज्य
शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद (छ.ग.)

श्री ओम प्रकाश पटेल [2]
सहायक प्राध्यापक, भूगोल
शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद (छ.ग.)

सारांश (Abstract):-
वर्तमान' में तेजी से वैश्विक पटल मे उभरते भारत में प्रबंधन, वाणिज्य तथा कृषि व उस पर आधारित ग्रामीण रोजगार एवं उद्योगों के क्षेत्र में ग्रामीण परिवेश की महिला शक्ति के उचित प्रयोग एवं उसके योगदान से समुचित लाभ उठाने के मार्ग मे बहुत सी बाधायें एवं समस्याएं आगे आ रही हैं। यदि हमने ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध महिला संसाधनों के उचित दोहन तथा उनके योगदान के मूल्यांकन की उचित व्यवस्था नही की तो विकसित भारत की संकल्पना को आर्थिक विकास एवं प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने में काफी कठिनाई आयेगी। आज जिस प्रकार ग्रामीण परिवेश की महिलायें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में चाहे वह प्रबंधन हो, वाणिज्य या व्यवसाय हो अथवा चिकित्सा या तकनीकी एवं कौशल विकास के क्षेत्र हो उनमें कामयाबी के जिस तरह नये कीर्तिमान बना रही हैं उसको देखते हुये यह आवश्यक हो गया है कि महिलाओं की कार्यक्षमताओं तथा कार्यकुशलता का प्रयोग वाणिज्य, व्यवसाय एवं कृषि तकनीक तथा उससे सह-संबंधित उद्योगों के विकास एवं प्रबंध में किया जाये तभी एक सशक्त एवं विकसित राष्ट्र की आर्थिक प्रगति एवं विकास सुनिश्चित हो सकेगी अन्यथा महिलाओं की सहभागिता के बिना कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास कार्यक्रमों की सफलता एक कोरी कल्पना मात्र होगी। वर्तमान में सरकार द्वारा ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं उनके विकास के लिये कौशल एवं उद्यमिता विकास के अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं लेकिन इन महिला उद्यमिता विकास कार्यक्रमों को क्रियान्वित करते समय यह अवश्य ध्यान में रखा जाना चाहिये कि इन कार्यक्रमों से जुड़ी महिलाओं के लिये लगाये गये विभिन्न शिविरों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन का स्थान व समय इन महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुये निश्चित किया जाये तो अधिक से अधिक महिलायें उसमें उपस्थित होकर उसका लाभ उठा सकती है एवं एक सफल महिला उद्यमी बनकर विकसित भारत राष्ट्र की अर्थव्यवस्था के विकास एवं तरक्की में अपना श्रेष्ठ योगदान प्रदान कर सकती है। इस स्वीकार्य सत्य को सभी को ध्यान मे रखना होगा कि महिला उद्यमिता एवं उनके नवाचारों को आज देश में आर्थिक प्रगति का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत माना गया है।

मुख्य शब्द (Keywords): ग्रामीण अर्थव्यवस्था, महिला उद्यमिता, नवाचार, विकसित भारत संकल्पना, कौशल विकास

SOUVENIR

MLDC26104

ई-शासन और डिजिटल सार्वजनिक सेवाएँ

डॉ. मनोज कुमार शर्मा[1]
सहायक प्राध्यापक , वाणिज्य
शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद (छ.ग.)

श्री ओम प्रकाश पटेल [2]
सहायक प्राध्यापक, भूगोल
शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद (छ.ग.)

सारांश (Abstract):-
भारत में ई-शासन सुशासन का पर्याय बनता जा रहा है। केन्द्र व राज्य सरकारो के विभिन्न विभाग नागरिको, व्यापारियों तथा सरकारी संगटनो को ही नही अपितु समाज के हर वर्ग को सूचना व प्रौद्योगिकी की सहायता से विभिन्न सेवाए प्रदान कर रहे है। भारत में ई-शासन का प्रादुर्भाव शासकीय विभागों के तेजी से कप्यूटरीकरण से आरंभ हुआ। अब यह उस बिन्दु तक पहुच चुका है, जिससे शासन के सूक्ष्मतर बिन्दुओं जैसे नागरिक केंद्रित, संवा अभिमुखीकरण तथा पारदर्शिता कसे बढ़ावा मिल रहा है। वर्तमान सूचना प्रौद्योगिकी का युग है। और इसका प्रमाण है ई-शासन की अवधारणा। संपूण भारत में आज शायह ही कोई ऐसी जगह हो, ई-शासन पहल न की हो। सूचना तकनीकी युग ने ज्ञान पर आधारित पहल के जो द्वार खोले है, उसका एक उत्साहजनक परिणाम ई- शासन की अवधारणा के रूप में उभरकर सामने आया है। सरकार की आम जनता के लिए उपलब्ध सुविधाओं को इलेक्ट्रानिक माध्यम जैसे - कंव्यूटर, इंटरनेट, मोबाईल आदि से उपलब्ध कराना ई-शासन कहलाता है। इसे अंतर्गत शासकीय सेवाएॅ व सूचनाएॅ ऑनलाइन उपलब्ध होती है। भारत सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक विभाग की स्थापना सन् 1970 में की तथा सन् 1977 में नेशनल इनफॉमैटिक्स सेंटर की स्थापना ई-शासन की दिशा में प्रथम प्रयास था।

ई-शासन के अंतर्गत कई सरकारी सेवाएॅ संचालित होती है, जिनका मुख्य उदेश्य सरकारी कार्यो को डिजिटाईज करना, पारदर्शिता बढ़ाना तथा नागरिको को धर बैठे सुविधाएॅ प्रदान करना है। डिजिलॉकर, दस्तावेजो जैसे -ड्राविंग लाइसेंस, मार्कशीट, आदि को डिजिटल रूप से स्टोर तथा साझा करने की सुविधा प्रदान करता है। इसके अलावा आधार, जीएसटी, ई-हॉस्पिटल (ऑनलाईन अपांइटमेंट), राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल, आयकर ई-फाइलिंग, भू-अभिलेखो का डिजिटलीकरण, तथा विभिन्न शासकीय पोर्टल जैसे डिजिटल इंडिया पोर्टल, ई-सेवा पोर्टल आदि के माध्यम से जानकारी व सेवाओं तक पहुच शामिल है, जो नागरिको के लिए कर भुगतान, लाईसेंस नवीनीकरण, परमिट आवेदन एवं अन्य प्रशासनिक कार्यो को आसन बनाता है। ये सेवाएॅ डिजिटल इंडिया पहल के तहत संचालित होती है। तथा उनका उदेश्य सरकार को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और नागरिक -अनुकल बनाना है।

मुख्य शब्द (Keywords): ग्रामीण अर्थव्यवस्था, महिला उद्यमिता, नवाचार, विकसित भारत संकल्पना, कौशल विकास

SOUVENIR

MLDC26105

छत्तीसगढ़ राज्य के आर्थिक विकास में प्लाईवुड उद्योग की भूमिका का अध्ययन: रायपुर जिले के संदर्भ में

देवाशीष मुखर्जी
प्राचार्य , महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय, रायपुर

राकेश मनचंदा
शोधार्थी (वाणिज्य),महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय, रायपुर

सारांश (Abstract):-
यह शोधपत्र छत्तीसगढ़ राज्यए विशेषकर रायपुर वजलेके संदभभमेंप्लाईुिड उद्योग के आवथभक योगदान काविश्लेषण करता है। इसमेंउद्योग के प्रकारए तथ्ांकए रोजगार सृजनए उद्योग.विकास और क्षेत्रीय प्रभिा का विस्तृत अध्ययन प्रस्तुत वकया गया है। अध्ययन मेंयह भी दशाभया गया हैवक कै सेप्लाईुिड उद्योग राज्य की लघुऔर मध्यम औद्योवगक संरचना को मजबूत कर रहा है।

SOUVENIR

MLDC26106

Empowering Bharat: Financial Inclusion and FinTech for Rural Transformation and Urban Growth through Artificial Intelligence

DRMANJU KUSHWAHA
DEPARTMENT OF COMPUTER APPLICATIONS
SHRI SHANKRACHARYA INSTITUTE OF PROFESSIONAL STIDIES RAIPUR(C.G.)

Abstract:
Financial inclusion plays a vital role in empowering Bharat by ensuring equitable access to financial services and fostering sustainable economic growth. The rapid advancement of Financial Technology (FinTech), combined with Artificial Intelligence (AI), has significantly transformed India's financial ecosystem, benefiting both rural and urban populations. This paper examines the impact of AI-driven FinTech solutions in enhancing financial accessibility, efficiency, and security across diverse socio-economic groups. AI applications such as machine learning-based credit scoring, biometric authentication, fraud detection, predictive analytics, and intelligent chatbots have enabled personalized and reliable financial services. In rural areas, AI- powered digital banking, mobile payment systems, and micro-financing platforms support farmers, self-help groups, and small entrepreneurs by improving access to credit and promoting financial literacy. Simultaneously, urban growth is strengthened through AI-enabled smart payment systems, digital lending, and data-driven financial management tools that enhance operational efficiency and innovation. The study highlights the role of digital infrastructure, government initiatives, and public–private partnerships in accelerating AI-based financial inclusion. It concludes that the integration of Artificial Intelligence with FinTech serves as a powerful catalyst for rural transformation and urban development, thereby contributing significantly to the vision of an inclusive and digitally empowered Bharat.

Keywords: Financial Inclusion, FinTech, Artificial Intelligence, Rural Transformation, Urban Growth, Digital India

SOUVENIR

MLDC26107

Role of Artificial Intelligence in Transforming Education and Skill Development

MS APARNA TIWARI
ASSISTANT PROFESSOR (COMPUTER SCIENCE)
SHRI SHANKARACHARYA INSTITUTE OF PROFESSIONAL STUDIES, RAIPUR (C.G.)

Abstract:
Intelligence (AI) has become a powerful driver in transforming education and skill development, contributing significantly to the vision of Viksit Bharat 2047. The integration of AI technologies into educational systems is reshaping traditional teaching–learning processes by promoting personalized, adaptive, and technology-enabled learning environments. AI-based tools such as intelligent tutoring systems, virtual classrooms, automated evaluation methods, and learning analytics enable learners to acquire knowledge at their own pace while improving learning outcomes and engagement.

In the domain of skill development, Artificial Intelligence plays a crucial role in identifying emerging industry requirements and aligning educational curricula with market demands. AI-powered platforms support continuous upskilling and reskilling by analyzing learner performance, predicting skill gaps, and recommending customized learning pathways. This approach enhances employability, workforce productivity, and innovation capacity, which are essential for sustainable economic growth. Furthermore, AI-driven career guidance and vocational training systems empower students and professionals to make informed career choices aligned with future job trends.

Despite its vast potential, the adoption of Artificial Intelligence in education and skill development faces challenges such as digital divide, lack of infrastructure, data privacy concerns, and the need for trained educators capable of effectively using AI tools. Addressing these challenges through inclusive policies, ethical AI practices, and capacity building is critical. This paper highlights the transformative role of Artificial

Intelligence in strengthening education and skill development ecosystems and concludes that strategic and responsible use of AI can serve as a key enabler in achieving inclusive growth and sustainable development for Viksit Bharat 2047.

Keywords: Artificial Intelligence, Education Transformation, Skill Development, Viksit Bharat 2047, Digital Learning, Sustainable Development

SOUVENIR

MLDC26108

Innovation & Enterpreneurship

MS. JALPA SONI
ASSISTANT PROFESSOR
SHRI SHANKARACHARYA INSTITUTE OF PROFESSIONAL STUDIES, RAIPUR

Abstract:
Innovation and entrepreneurship are central to achieving the vision of Vikshit Bharat 2047, where inclusive economic growth and sustainability move hand in hand. Rapid advancements in digital technologies such as artificial intelligence, fintech, green technology, and Industry 4.0 are transforming traditional business models and creating new entrepreneurial opportunities across sectors. This paper examines how technology-driven innovation strengthens India's startup ecosystem, enhances productivity, and promotes employment generation while addressing social and environmental challenges. Special emphasis is placed on sustainable entrepreneurship, which integrates economic viability with environmental responsibility and social equity. The study highlights the role of policy support, digital infrastructure, skill development, and innovation ecosystems in enabling entrepreneurs to contribute effectively to national development goals. By fostering technology-enabled enterprises, India can accelerate industrial growth, empower rural and urban economies, and ensure long-term sustainability. The findings suggest that innovation-led entrepreneurship is a critical pathway for realizing the aspirations of a developed, resilient, and self-reliant India by 2047.

SOUVENIR

MLDC26109

Enhancing Citizen Participation and Trust through Digital Innovation

NEETA DHANGAR
DEPARTMENT OF COMPUTER SCIENCE,
GOVT.NAGARJUNA POST GRADUATE COLLEGE OF SCIENCE, RAIPUR

KIRAN BALA DUBEY
DEPARTMENT OF COMPUTER SCIENCE,
GOVT.NAGARJUNA POST GRADUATE COLLEGE OF SCIENCE, RAIPUR

Abstract:
Abstract—Digital innovation has become a key enabler of modern governance by reshaping the ways in which governments interact with citizens. This research paper explores the role of digital technologies in enhancing citizen participation and strengthening trust in government institutions. Based on a review of existing literature, the study examines how digital platforms, e-governance systems, and ICT-enabled services pro- mote transparency, accountability, and citizen-centric service delivery. The analysis reveals that digital innovation improves access to information, facilitates inclusive participation, enhances service efficiency, and supports effective grievance redressal, thereby contributing to higher levels of public trust. However, challenges such as unequal digital access, limited digital literacy, cybersecurity risks, and privacy concerns continue to pose significant barriers. The paper emphasizes that addressing these challenges through inclusive digital policies and robust governance frameworks is essential for achieving sustainable and trustworthy governance.

Keywords: E-governance, Citizen Participation, Trust, Transparency, ICT

SOUVENIR

SOUVENIR

SOUVENIR

SOUVENIR

PROGRAM OFFERED

- B.Com.
- B.B.A
- B.A.
- B.C.A.
- B.Sc(CS)
- BAMC
  Journalism
- M.A.
  Hindi, English, Political
- M.Sc.(CS)
- M.Sc.(IT)
- DCA
- PGDCA
- M.Com.
- PGDY
  Yoga
- Ph. D.
  Commerce
- PGDJ
  Journalism

MAHANT
Laxminaryan Das College

Gandhi Chowk, Raipur, CG. Tel.: 0771-4024234